तापमान

अधिकतम 33.4 डिग्री

न्यूनतम 26.2 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 15 सितंबर 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]




बिलासपुर अंबिकापुर हाईवे पर अब भी नजर आते हैं मवेशी, जिससे आए दिन दुर्घटना होती है।

## खबर संक्षेप

### विशेष चेकिंग अभियान में 13 बाइक जब्त




**बिलासपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना सिविल लाइन एवं थाना कोतवाली की संयुक्त टीम द्वारा रामसेतु चौक क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान कुल 13 मोटरसाइकिलें पाई गईं। जिन पर या तो टेप चिपकाकर नंबर प्लेट बदली गई थी अथवा गलत नंबर प्लेट लगाई गई थी। सभी 13 मोटरसाइकिलों को विधिवत जब्त कर थाना सिविल लाइन लाया गया है। पूर्व में भी इस प्रकार की कार्रवाई की जा चुकी है। जांच में यह भी सामने आया है कि कुछ बाइक सवार, विशेषकर छात्र, चालान से बचने के लिए ऐसे अनुचित और अवैध तरीकों का उपयोग करते हैं, जो कि पूर्णतः गैरकानूनी कृत्य है।

### इंजीनियर्स एसोसिएशन मनाएगा अभियंता दिवस

**बिलासपुर।** साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे इंजीनियर्स एसोसिएशन द्वारा 15 सितंबर को भारत के महान इंजीनियर भारत रत्न सर मोक्षागुंडम विश्वेसरैया के जन्मदिन पर अभियंता दिवस मनाया जाएगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव कटियार ने बताया कि यह कार्यक्रम रेलवे परिक्षेत्र के न्यू रेल क्लब आडिटोरियम में किया जा रहा है। अभियंता दिवस के साथ ही इंजीनियर्स एसोसिएशन द्वारा एक संरक्षा संगोष्ठी का भी आयोजन प्रस्तावित है। इसके मुख्य अतिथि दपूमरे भटनागर के प्रमुख मुख्य अभियंता इंजी. मुद्रित भटनागर इसके मुख्य अतिथि होंगे।

### शहीद वीरेंद्र कैवर्त का शहादत दिवस आज

**बिलासपुर।** शहीद वीरेंद्र कैवर्त के शहादत दिवस पर 15 सितंबर को उनके गृह ग्राम नरगोड़ा (सीपत) में 20 वें शहीदी दिवस सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। शहीद वीरेंद्र कैवर्त 15 सितंबर 2006 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में शहीद हुए थे। शहादत की 20 वर्षों से उपेक्षा - शहीद वीरेंद्र कैवर्त को शहादत हुए 20 वर्ष हो गए लेकिन अभी तक शहीद वीरेंद्र कैवर्त के नाम से कोई सड़क,न ही विद्यालय, चौंक चौराहा का नामकरण व न ही कोई स्टेच्यू शहीद स्मारक शासन की ओर से स्थापित किया गया है। जो कि शहीद वीरेंद्र कैवर्त की शहादत की उपेक्षा है। 15 सितंबर को ग्राम नरगोड़ा सीपता में फ्लैग होस्टिंग का कार्यक्रम होगा। जिसमें पूर्व सैनिक कल्याण संगठन, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड, प्रशासनिक अधिकारी , केवट समाज के पदाधिकारीगण शामिल होंगे। वहीं सुबह 10 बजे बिलासा चौक शनिचरी बाजार बाइक रैली से आरंभ होकर मोपका चौक- सीपत-गुड़ी होते हुए ग्राम नरगोड़ा पहुंचेगी। यह बाइक रैली शहीद वीरेंद्र कैवर्त शहादत आम सभा में परिवर्तित हो जायगी।

### बारिश थमी, गर्मी और उमस ने किया बेहाल

**बिलासपुर।** बारिश थमते ही उमस भरी गर्मी से हर कोई परेशान है, सुबह से तेज धूप के बाद उमस लगातार बढ़ रही है, दोपहर 2 से 4 बजे के बीच लोगों को चैन नहीं मिल रहा है, वहीं सितंबर का एक पखवाड़ बीतने के बाद भी लोगों को कूलर और एसी की हवा की जरूरत पड़ रही है, यह हाल रात में भी बना हुआ है। हालांकि मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अगले 48 घंटे में एक बार फिर हल्की बारिश हो सकती है, लेकिन जबतक बारिश नहीं होती लोगों को उमस का सामना करना पड़ेगा। मौसम विभाग के अनुसार उमस और गर्मी का असर फिलहाल जारी रहेगा। सप्ताह के अंतिम दिनों में आसमान साफ रहने की संभावना है, लेकिन हल्की बूंदाबांदी होगी।

## ढाई लाख कर्मचारियों की लापरवाही

# 43 विभागों के 62% का केवाईसी अपडेट नहीं, अब रोका जाएगा वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर


प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों का केवाईसी अपडेट करने का काम अब तक अधूरा है। 43 विभागों के 62.42 फीसदी कर्मचारी अभी भी अपनी जानकारी अपडेट नहीं कर पाए हैं। इनमें कई बड़े विभाग शामिल हैं। सबसे खराब स्थिति ग्रामीण उद्योग, साइंस एंड टेक्नोलॉजी और रिहैबिलिटेशन डिपार्टमेंट की है, जहां अब तक एक भी कर्मचारी ने केवाईसी अपडेट नहीं कराया है। कोष एवं लेखा विभाग के अनुसार प्रदेश में कुल 3,80,204 कर्मचारियों में से सिर्फ 97,328 ने यह प्रक्रिया पूरी की है। बाकी करीब ढाई लाख कर्मचारी अब भी पिछड़ रहे हैं। इसका सीधा असर आगे वेतन आहरण पर पड़ सकता है।

ध्यान रहे कि केवाईसी अपडेट करने की आखिरी तारीख 24 अप्रैल तय की गई थी। लेकिन काम पूरा न होने पर संचालक, कोष एवं लेखा ने 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया। इसके बाद भी प्रगति बेहद धीमी रही। अब विभाग ने नया आदेश जारी कर 30 सितंबर तक की मोहलत दी है। इसमें सभी विभागाध्यक्षों को पत्र भेजकर कहा गया है कि अपने-अपने अधीनस्थ कर्मचारियों का केवाईसी अपडेट हर हाल में कराएं। प्रोफाइल अपडेट करने के लिए एम्प्लाई कॉर्नर एप या पोर्टल का इस्तेमाल करना होगा।

**इस विभाग के अधिकारी अधिक लापरवाह**

| | | |
|---|---|---|
| विलेज इंडस्ट्रीज | : | 100% |
| साइंस एंड टेक्नोलॉजी | : | 100% |
| रिहेबिलिटेशन | : | 100% |
| अरबन एडमिनिस्ट्रेशन | : | 92.68% |
| एनर्जी | : | 71.56% |

**30 सितंबर तक दी गई आखिरी मोहलत**




**इन विभागों का हाल सबसे खराब**

| | | |
|---|---|---|
| पब्लिक रिलेशन | : | 64.55% |
| पीडब्ल्यूडी | : | 58.14% |
| महिला एवं बाल विकास | : | 53.18% |
| मेडिकल एजुकेशन | : | 57.45% |
| लॉ एंड लेजिस्लेटिव अफेयर | : | 49.86% |

**केवाईसी अपडेट होना इसलिए जरूरी**

अधिकारियों का कहना है कि आंकड़े बताते हैं कि बड़े और अहम विभाग भी इस प्रक्रिया को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। केवाईसी अपडेट सरकारी कर्मचारियों के वेतन, भत्ते और पेंशन जैसे वित्तीय लेन-देन के लिए अनिवार्य है। सही और समय पर जानकारी न होने पर वेतन अटक सकता है, बैंक ट्रांजैक्शन में देरी हो सकती है और कर्मचारियों के रिकॉर्ड में गलतियां रह सकती हैं। विभाग ने कर्मचारियों को सलाह दी है कि व्यक्तिगत और बैंक विवरण सही-सही अपडेट करें। विभाग ने साफ चेतावनी दी है कि अगर तय समय में केवाईसी अपडेट नहीं किया गया तो कर्मचारियों को वेतन आहरण में दिक्कत होगी। इसके लिए अलग से रिमाइंडर भेजे जा रहे हैं। दरअसल सरकारी कर्मचारियों को यह काम आसान तरीके से मोबाइल एप या पोर्टल से पूरा करना है। इसके बावजूद इतनी बड़ी संख्या में अपडेट न होना विभागीय सिस्टम और कर्मचारियों की लापरवाही दोनों को उजागर करता है। अब सबकी निगाहें 30 सितंबर की डेडलाइन पर हैं। अगर इस बार भी काम पूरा नहीं हुआ तो हजारों कर्मचारियों की सैलरी समय पर मिलना मुश्किल हो जाएगा।





- अधिकारियों की लापरवाही से बेकार साबित हुआ सेंटर
- मेन रोड से लगी करोड़ों की प्रापर्टी और उपयोगिता शून्य

## बिलासपुर-रतनपुर एनएच में मदनपुर के पास किया गया है निर्माण

# मॉनिटरिंग के अभाव में एनएचएआई का रेस्ट एंड सर्विस एरिया सेंटर हुआ खंडहर

शरद पाण्डेय ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर-रतनपुर एनएच पर मदनपुर के पास रेस्ट एंड सर्विस एरिया के नाम पर बनाया गया सेंटर खंडहर का रूप ले चुका है। एनएच पर इस सेंटर की स्थापना लंबी दूरी की यात्रा पर निकले न केवल भारी वाहन चालकों, बल्कि छोटे वाहन के चालकों को भी लगातार वाहन चालन से कुछ देर आराम देने, मोबाइल चार्जिंग व शौचालय की सुविधा सहित एक अच्छा रेस्टोरेंट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया था। इसके विपरीत एनएचएआई विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते शासन के करोड़ों रूपए की प्रापर्टी खंडहर में तब्दील हो गई है।

सरकार की संपत्ति व पैसे की बर्बादी कैसे की जाती है यह एनएचएआई द्वारा बिलासपुर से रतनपुर के बीच मदनपुर गांव में पावर ग्रिड के ठीक सामने बनाए गए रेस्ट एंड सर्विस एरिया सेंटर की दुर्गति को देखकर समझ में आ जाएगा। एनएचएआई की नीतियों के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्गों में लंबी दूरी की यात्राओं पर जाने वाले वाहन चालकों को आराम देने के उद्देश्य से रेस्ट एंड सर्विस एरिया सेंटर स्थापित किए जाते हैं। यहां यात्रियों के लिए रहने के लिए कमरे व हॉल, नहाने-धोने की व्यवस्था, खाने के लिए रेस्टोरेंट, शौचालय, शुद्ध पेयजल, मोबाईल चार्जिंग व वाहनों की चार्जिंग की भी व्यवस्था सेंटर में की गई है।

इसके लिए सेंटर के परिसर में छोटे-बड़े व भारी वाहनों की पार्किंग की भी व्यवस्था की गई है, जहां सैकड़ों की संख्या में वाहन पार्क किए जा सकते हैं। परिसर में छोटा गार्डन भी बनाया गया है, जो फिलहाल शराबियों व अनैतिक कार्य करने वालों का अड्डा बना हुआ है। दुखद पहलू यह है कि सरकार से इस सेंटर के निर्माण के लिए राशि तो पूरी खर्च करवा ली गई, लेकिन इसकी उपयोगिता शून्य है।



**सेंटर के संचालन में कोई दिलचस्पी नहीं**

इसके संचालन के लिए पहले से कई टेंडर लग चुके हैं, लेकिन टेंडर डालने में किसी की दिलचस्पी ही नहीं होने के कारण सेंटर इस हालत में है। अभी दिल्ली से इसकी री-टेंडरिंग की प्रक्रिया फिर से शुरू की गई है। संचालन के लिए अगर कोई ऐजेंसी अपाईंट होती है, तो एजेंसी सेंटर को अपने हिसाब से रेनोवेट कर इसका संचालन करेगी। पूरी उम्मीद है कि एक से दो महीने में इसका संचालन प्रारंभ हो जाएगा।

**- राजेश्वर सूर्यवंशी,** मैनेजर टेक्निकल, एनएचएआई

**खिड़की, दरवाजे, बाथरूम फिटिंग पंखे व बिजली के तार तक चोरी**

रखरखाव के अभाव में सेंटर में बनाए गए कमरों व हॉल से सभी पंखे व लाईट चोरी कर लिए गए हैं। बाथरूम में लगाए गए कमोड या तो चोरी कर लिए गए हैं या उनमें तोड़फोड़ कर दी गई है। बेसिन भी उखाड़कर चोरी कर लिया गया है। कई कमरे व बाथरूम के दरवाजे उखाड़कर ले जाए जा चुके हैं। कमरे व हॉल में लगाई गई सभी खिड़की के कांच तोड़ दिए गए हैं। खिड़कियों के फ्रेम एल्यूमिनियम के होने के कारण कई जगहों पर पूरी की पूरी खिड़की ही उखाड़कर चोरी कर ली गई है।

**केवल पांच महीने चला, पिछले दो साल से बंद**

आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि दो साल पहले यह सेंटर केवल चार से पांच महीने ही संचालित किया गया था। इसके बाद वर्तमान में पिछले दो साल से सेंटर पूरी तरह बंद है। सेंटर की सुरक्षा के लिए न तो किसी चौकीदार की नियुक्ति की गई है और न ही यहां किसी भी तरह के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। नतीजा सेंटर पूरी तरह खंडहर में तब्दील हो चुका है।

**किराए में देते तो नहीं होती ऐसी दुर्गति**

एनएचएआई द्वारा यदि इस सेंटर को किराए में ही दे दिया गया होता तो इसकी ऐसी दुर्गति नहीं होती। परिसर में रेस्टोरेंट का संचालन भी हो रहा होता। लोगों की चौबीसों घंटे आवाजाही भी होती, जिससे सेंटर में की गई तोड़फोड़ व चोरी की रोकथाम हो सकती थी। इसके अलावा सरकार को किराए के रूप में आमदनी भी होती रहती। इसके विपरीत अधिकारियों की लापरवाही एवं सुस्त रवैए के चलते सेंटर बीते दो साल से खाली पड़ा है, जिसके परिणामस्वरूप इसकी ऐसी दुर्गति तो होनी ही थी।

# शराब पीकर गाड़ी चला रहा था कांग्रेस नेता पूर्व सरपंच

## पकड़े जाने पर मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



बीती रात श्रीकांत वर्मा मार्ग चौक पर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान लिंगियाडीह के कांग्रेस नेता व पूर्व सरपंच को शराब पीकर गाड़ी चलाते पकड़ लिया। इस पर पूर्व सरपंच ने युवकों को बुलाकर सड़क में पुलिस से विवाद करते हुए हंगामा मचाना शुरू कर दिया। पुलिस ने प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत उन्हें व उनके एक सहयोगी को गिरफ्तार कर दूसरे दिन कोर्ट में पेश किया है।

एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर शनिवार की देर रात शहर के चौक चौराहे पर पुलिस द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। रात 12.30 बजे लिंगियाडीह के कांग्रेस नेता व पूर्व सरपंच अनिल राठौर लाल रंग की स्विफ्ट क्रमांक सीजी 10 बीई, 5682 से अग्रसेन चौक से सीएमडी चौक की ओर जा रहे थे। श्रीकांत वर्मा चौक के पास तारबाहर पुलिस ने उनकी गाड़ी को रोक कर ब्रीद एनालाजर मशीन से चेक किया, जिसमें उनके शराब पीने की पुष्टि हुई। पुलिस ने उन्हें कार सड़क किनारे खड़ी करने कहा तो वे कार्रवाई का विरोध करते हुए ड्यूटी में तैनात पुलिसवालों से हुज्जतबाजी करने लगे। उन्होंने फोन कर कुछ युवकों को बुला लिया। एक युवक सरकण्डा निवासी प्रतीक तिवारी पुलिस की कार्रवाई का मोबाइल में वीडियो बनाने लगा। सूचना मिलने पर तारबाहर टीआई कृष्णचंद सिदार मौके पर पहुंचे, सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंच गई। उसके बाद दोनों को तारबाहर थाने ले जाया गया। रात भर थाने में बैठाने के बाद दूसरे दिन रविवार को पुलिस ने अनिल राठौर के खिलाफ शराब पीकर गाड़ी चलाने पर 185 मोटर व्हीकल एक्ट व हंगामा मचाने पर अनिल राठौर व प्रतीक तिवारी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा के तहत गिरफ्तार कर शाम को कोर्ट में पेश किया गया है।

**कार्रवाई की गई**

वाहन चेकिंग के दौरान लिंगियाडीह के पूर्व सरपंच को शराब पीकर गाड़ी चलाते पकड़ा गया था। वे कार्रवाई का विरोध करते हुए हंगामा मचाकर पुलिस की कार्य में व्यवधान डाल रहे थे। उनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं मोबाइल में वीडियो बनाने वाले उनके सहयोगी को पकड़ा गया है। दोनों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है।

**- निमितेश सिंह परिहार** सीएसपी

# भालू से छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया में अपलोड किया वीडियो, पकड़ा गया

**बिलासपुर।** तखतपुर के एक युवक ने बागबहरा जाकर भालू के साथ छेड़छाड़ किया और वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया में पोस्ट कर दिया। इसकी सूचना मिलने के बाद बागबहरा वन मंडल की टीम ने तखतपुर पहुंचकर आरोपी युवक को पकड़ लिया है।

जानकारी के अनुसार तखतपुर का करण नाम का युवक बागबहरा में स्थित चंडी माता मंदिर में घूमने गया था। इस दौरान उसे एक भालू दिखाई दिया, जिसे उसने कोल्ड ड्रिंक व अन्य पेय पदार्थ पिला दिया। इस दौरान युवक ने भालू के साथ छेड़छाड़ करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया में पोस्ट कर वायरल कर दिया। सूचना मिलते ही बागबहरा वन मंडल के अधिकारी और स्टाफ युवक की खोजबीन करने लगे। युवक के तखतपुर निवासी होने की जानकारी मिलने के बाद रविवार की शाम टीम तखतपुर पहुंची और रेंजर व अन्य स्टाफ के साथ मिलकर युवक को पकड़कर अपने साथ लेकर ले बागबहरा गई। तखतपुर के रेंजर अनिमेश सिंह के अनुसार पूरा मामला महासमुंद के बागबहरा का है, वहां की वन विभाग की टीम युवक को अपने साथ ले गई है।

# सिम्स के डाक्टरों ने 74 वर्षीय बुजुर्ग के गले से ब्लेड निकाला, बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- 1 घंटे की मशक्कत के बाद डाक्टरों को मिली सफलता।
- सर्जरी और एनेस्थीसिया विभाग ने किया कमाल।



सिम्स के डॉक्टरों ने सेविंग ब्लेड निगल चुके 74 वर्षीय बुजुर्ग की जान बचाने में सफलता पाई है। डाक्टरों ने तत्काल बुजुर्ग की सर्जरी कर गले से 6 ब्लेड निकाला है। डाक्टरों की टीम ने एक घंटे से अधिक समय की जटिल सर्जरी को अंजाम दिया है। मरीज की खतरे से बाहर है और आईसीयू में भर्ती है। खास बात यह है कि सबसे जटिल सर्जरी के बाजवूद मरीज के गले के स्वर तंत्र, आहार नली व अन्य हिस्सों को नुकसान भी नहीं पहुंचा है।

सूत्रों के अनुसार उसलापुर निवासी केपी मिश्रा 74 वर्ष रविवार की सुबह अस्पताल पहुंचे, उसके साथ परिजन मौजूद थे। परिजनों ने कहा कि गलती से उन्होंने छह सेविंग ब्लेड निगल लिया है। इससे नर्सिंग स्टाफ और डॉक्टरों भी चौंक गए। इसकी जानकारी सिम्स के डीन डा. रमणेश मूर्ति को दी गई। अवकाश होने के बावजूद उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए ईएनटी विभाग, एनेस्थीसिया विभाग समेत सभी विशेषज्ञों को तत्काल बुलाया और मरीज के इलाज के निर्देश दिया। इस दौरान ईएनटी विभाग की एचओडी डॉ. आरती पांडे, डॉ. विद्या भूषण साहू, एनेस्थीसिया एचओडी डॉ. मधुमिता मूर्ति, डॉ. शीतल दास की अगुवाई में टीम ने इमरजेंसी ऑपरेशन शुरू किया। करीब एक घंटे से अधिक समय तक चली सर्जरी में बेहद सावधानीपूर्वक ब्लेड को गले से बाहर निकाला गया। इस दौरान मरीज के गले की आहार नली, स्वर तंत्र और श्वसन नली पूरी तरह से स्वस्थ्य रही। किसी तरह का जोखिम मरीज को नहीं हो सका। बताया जा रहा है कि ब्लेड गले से नीचे जाते ही मरीज की तत्काल मौत होने की संभावना बनी हुई थी, जिसे देखते हुए डाक्टरों ने बेहद जटील सर्जरी को अंजाम तक पहुंचाया।

**बेहतर सामंजस्य की मिसाल**

ईएनटी व एनेस्थीसिया विभाग के डाक्टरों ने बेहतर तालमेल व सेवा भाव से मरीज के आपरेशन में मदद की। सिम्स मेडिकल कॉलेज अस्पताल जटिल सर्जरी को सफलता से अंजाम दे रहा है। हाल ही में कई गम्भीर मरीजों का जीवन बचाने में विशेषज्ञ डॉक्टरों और स्टाफ की भूमिका अहम रही है। मेडिकल कॉलेज नित्य सामंजस्य की मिशाल पेश कर रहा है।

**जटिल थी सर्जरी**

दोनों विभाग की टीम ने बेहद उम्दा काम किया है, जिसके चलते जटिल सर्जरी संभव हो सकती है। खास बात यह है कि मरीज को नुकसान नहीं पहुंचा है, जिसके लिए सभी बधाई के पात्र है।

**- डॉ रमणेश मूर्ति**
डीन, सिम्स

## खबर संक्षेप

### डॉ.पूनम को जिला संगठन आयुक्त का प्रभार



**बिलासपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य अध्यक्ष एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल तथा राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव द्वारा बिलासपुर जिले में गाइडिंग गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु डॉ. पूनम सिंह को जिला संगठन आयुक्त (गाइड), बिलासपुर के पद पर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त चन्द्र प्रकाश बाजपेयी, जिला शिक्षा अधिकारी/पदेन जिला आयुक्त स्काउट विजय कुमार टांडे,सहायक संचालक श्रीमती वर्षा शर्मा, राज्य संगठन आयुक्त स्काउट श्री विजय कुमार यादव , श्री अखिलेश मेहता एवं जिला सचिव सुश्री लता यादव, जिला संगठन आयुक्त स्काउट महेन्द्र बाबू टंडन, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट संतोष कुमार त्रिपाठी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड श्रीमती माधुरी यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### केन्द्रीय जेल बिलासपुर में लगा विधिक जागरूकता शिविर



**बिलासपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के अध्यक्ष द्वारा केन्द्रीय जेल बिलासपुर में 14 सितंबर को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बंदियों को विधिक सेवा से सबंधित जानकारी दिया गया। यह शिविर बंदियों के लिए काफी कारगर एवं उपयोगी साबित हुआ। बंदियों को अच्छा नागरिक बनकर समाज व देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर की वहां मौजूद अफसरों ने जमकर सराहना की और इसे कैदियों के लिए बहुत उपयोगी व कारगर बताया। शिविर आयोजन के दौरान विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष, चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल के चीफ कुंदन सिंह ठाकुर, डिप्टी- विनय उपाध्याय, डिप्टी- अजित सिंह चौहान, असिसटेंट कृष्ण कुमार पाण्डेय, सुश्री अनामिका मिश्रा, आकाश, मनप्रीत चौधरी, सुश्री विना शर्मा, यश दुबे, अधीक्षक खोमेश मंडावी आदि मौजूद थे।

छग चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़, बिलासपुर इकाई की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण

# जीएसटी में बदलाव व्यापारी और उपभोक्ता दोनों के लिए राहतकारी सिद्ध होंगे: तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़, बिलासपुर इकाई की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को सम्पन्न हुआ। इसमें केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने कहा कि जीएसटी में हाल के बदलाव व्यापारी और उपभोक्ता दोनों के लिए राहतकारी सिद्ध होंगे।

समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू थे। समारोह की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ अरुण साव ने की। उनके साथ मंच पर विधायक अमर अग्रवाल, विधायक धरम लाल कौशिक, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, क्रेडा अध्यक्ष भुपेंद्र सवन्नी,पूर्व विधायक एवं पूर्व अध्यक्ष चंद सुंदरानी, प्रदेश अध्यक्ष सतीश थैरानी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी, उपाध्यक्ष जसप्रीत सलूजा, प्रदेश महिला विंग अध्यक्ष इला गुप्ता, बिलासपुर चेम्बर अध्यक्ष भागचंद बजाज, सचिव महितोष सर्राफ, कोषाध्यक्ष अविनाश आहूजा विशिष्ट अतिथि थे।



### नई ऊर्जा, विश्वास और प्रतिबद्धता के साथ काम करेगी टीम

मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने नवगठित कार्यकारिणी को गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए कहा कि यह नई टीम निश्चित रूप से नई ऊर्जा, विश्वास और प्रतिबद्धता के साथ व्यापारियों एवं आम जनता के हित में कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि जीएसटी में हाल के बदलाव व्यापारी और उपभोक्ता दोनों के लिए राहतकारी सिद्ध होंगे और इसका सकारात्मक असर दीपावली के बाजार पर अवश्य दिखेगा। श्री साहू ने कहा कि जब तक हम अपने देश में निर्मित उत्पादों को प्राथमिकता नहीं देंगे, तब तक आत्मनिर्भर भारत का सपना अधूरा रहेगा। उन्होंने सभी व्यापारियों से अपील की कि वे अपनी दुकानों में 'स्वदेशी अपनाएं' का संदेश प्रदर्शित करें।

### रेलवे और एयरपोर्ट पर घोषणाएं

कोरोना काल में बंद हुई 55 ट्रेनें पुनः शुरू की जा रही हैं। नजदीकी स्टेशनों को अमृत भारत मिशन योजना में शामिल कर एयरपोर्ट जैसी सुविधाएँ दी जाएँगी। बिलासपुर एयरपोर्ट को 4-सी श्रेणी का दर्जा मिलने की संभावना। आत्मनिर्भर भारत कोई नारा नहीं, बल्कि एक दिशा है। स्थानीय उत्पादों को अपनाकर ही इसकी नींव मजबूत होगी। प्रदेश अध्यक्ष सतीश थैरानी एवं कार्यकारी अध्यक्ष कमल सोनी ने भरोसा जताया कि नई कार्यकारिणी व्यापारियों की समस्याओं के समाधान में सेतु का कार्य करेगी।

### सरकार सहयोग प्रदान करेगी: साव

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि "मैं आपके शहर और जिले के लिए जो भी आवश्यक होगा, उसके लिए किसी भी समय तैयार हूं। आप जैसे ही मुझे बुलाएँगे, मैं व्यापारियों के साथ खड़ा रहूँगा।" उन्होंने व्यापारिक जगत को प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए आश्वस्त किया कि सरकार हर संभव सहयोग प्रदान करेगी।

## एमएलबी की छात्राओं ने जाना स्वच्छता का महत्व, प्रतियोगिता में लिया भाग

**बिलासपुर।** महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। जिसमे बच्चों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर आचार्य अरविंद को



कौशिक ने सफाई का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमें प्रगति की ओर जाती है। स्वच्छ शरीर में स्वस्थ्य दिमाग निवास करता है। हमें स्वयं, आसपास की स्वच्छता बनाए रखना चाहिए। इस अवसर पर ए चंदेल, जीके यादव, प्रजा गोपाल, कविता तिवारी, बीएड प्रशिक्षार्थी सहित छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन श्रद्धा आनंद, श्रीला चक्रवती ने किया। निबंध प्रतियोगिता में हाई स्कूल- करिश्मा निषाद प्रथम, अवंतिका सिंह राज द्वितीय, हायर सेकेंडरी में प्रथम नम्रता साहू, द्वितीय गायत्री यादव, भाषण प्रतियोगिता में हाईस्कूल में भूमिका प्रजापति प्रथम, प्रतिमा ध्रुव द्वितीय, हायर सेकेंडरी में स्वाती देवांगन प्रथम, खुंशी पांडे द्वितीय रही। चित्रकला हाईस्कूल में तमन्ना सूर्यवंशी प्रथम, सिद्धि गुप्ता द्वितीय, हायर सेकेंडरी में प्रथम प्राची रजक, व तान्या ध्रुवे द्वितीय रही।

### राष्ट्रीय राजमार्ग में सुधार कार्य



बारिश कम होते ही नेशनल हाइवे में मेंटेनेंस का कार्य शुरू।

# फसलों का कराया जा रहा थर्ड पार्टी डिजिटल सर्वेक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फसल सर्वेक्षण गिरदावरी का काम हर साल पटवारियों से कराया जाता था, लेकिन इस बार एग्रीस्टैक परियोजना तहत थर्ड पार्टी से डिजिटल फसल सर्वेक्षण कराया जा रहा है और इस डिजिटल फसल सर्वेक्षण के काम में गांवों के शिक्षित युवाओं को लगाया गया है, जो खेतों में जाकर अपने एंड्रायड मोबाइल फोन के माध्यम से फसल सर्वेक्षण कर रहे हैं।

- 30 सितंबर तक करना पूरा करना होगा डिजिटल सर्वे

इसके लिए गांवों के स्थानीय युवा मौके पर खेतों पर जाकर अपने मोबाईल फोन के जरिए एप में जानकारी अपलोड कर रहे हैं। डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य को हर हाल में 30 सितंबर तक पूरा करने कहा गया है। डिजिटल फसल सर्वेक्षण का कार्य 15 अगस्त से शुरू हो गया है और इसके लिए पहले जिला नोडल अधिकारी व मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त किए गए, जिनके द्वारा सवेक्षण टीम को ट्रेनिंग दी गई है। डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य में इस बार गांवों के दसवीं-बारहवीं उत्तीर्ण से लेकर एग्रीकल्चर में ग्रेजुएट युवाओं को लगाया गया है। इसके लिए उनके पास एंड्रायड मोबाइल वर्जन 9 प्लस इंटरनेट सुविधा के साथ होना अनिवार्य है। प्रत्येक सर्वेक्षणकर्ताओं को 40-50 खसरे प्रतिदिन सर्वेक्षण करना होता है, उसी के हिसाब से सर्वेक्षणकर्ता नियुक्त किए गए हैं। इन सर्वेक्षणकर्ताओं को सर्वेक्षण के लिए खसरों का आबंटन तहसीलदार या उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा किया जाता है। डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य में लगे युवाओं को प्रत्येक सर्वे के लिए एप के माध्यम से सही सर्वेक्षण अपलोड करने और स्वीकृत हो जाने की दशा में 10 रुपए प्रति खसरा मानदेय उनके बैंक खातों में सीधे दिया जमा किया जाता है। डिजिटल फसल सर्वेक्षण का सुपरविजन कार्य संबंधित हल्का पटवारी कर रहे हैं तथा डिजिटल फसल सर्वेक्षण अंतर्गत किए गए प्रविष्टियों का सत्यापन राजस्व निरीक्षकों द्वारा किया जा रहा है।

### 4 लाख 93 हजार 417 भूखण्डों का सर्वे

जिले जिन खेतों का डिजिटल सर्वेक्षण होना है, उनमें कुल 5 लाख 41 हजार 244 भूखण्ड शामिल हैं। इनमें से अभी तक 4 लाख 93 हजार 417 भूखण्डों का डिजिटल सर्वे कार्य पूरा हो गया है। इस तरह 91 फीसदी सर्वे कार्य हो चुका है और बचे हुए भूखण्डों का सर्वे 30 सितंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। इसमें से 3 लाख 31 हजार से अधिक सर्वेक्षण स्वीकृत भी हो गया है। इसके अलावा 9 हजार से अधिक भूखण्डों का सर्वे दूबारा करने सौंपा गया है और कुछ सर्वे अस्वीकृत भी हुए हैं।

### आनलाइन हो रही गिरदावरी

इस बार गिरदावरी की पूरी प्रक्रिया को आनलाइन कर दिया गया है। गिरदावरी एक तरह से भू राजस्व दस्तावेज होता है जिसे पटवारी द्वारा तैयार किया जाता था। इसमें किसी खेत में बोई गई फसल, भूमि का मालिक और भूमि का उपयोग दर्ज किया जाता है। यह रिकार्ड फसल बीमा, सरकारी योजनाएं और राजस्व निर्धारण के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। गिरदावरी में भूमि का उपयोग जैसे जमीन पर कौन सी खेती की जा रही है। फसल का विवरण खेत में कौन सी फसल बोई गई है। भूमि मालिक कौन है और खसरा नंबर तथा सिंचाई का माध्यम आदि जानकारी ली जाती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए गिरदावरी जरूरी है। सरकार को भू-राजस्व निर्धारित करने के लिए इस रिकार्ड की जरूरत होती है। किसानों द्वारा बोई गई फसलों का सही विवरण दर्ज होने से प्रक्रियाओं में पारदर्शिता आती है।



हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, सोमवार 15 सितंबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



वायरल

## 3 साल की बालिका सोशल मीडिया में छाई, बिग बॉस कंटेस्टेंट तान्या की फैन

**बिलासपुर।** बिग बॉस 19 की कंटेस्टेंट तान्या मित्तल की सबसे बड़ी नन्ही फैन शहर की महज तीन साल की बच्ची कृषिका ऋषि जो हूबहू तान्या मित्तल के किरदार को अपने प्यारे आवाज व



आदाओं से सबको मोहित कर रही है। इस छोटी बच्ची की एक्टिंग भी सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रही है,यही वजह है कि कृषिका के रील को मीलियन लोग देख खुब कमेंट कर बच्ची को प्रोत्साहित कर रहे। बच्ची की बढती फोलोविंग से इनके पैरेंटस भी बेहद खुश है,और इतने कम समय में देश-दुनिया में अपनी पहचान बना रही कृषिका को लोगो का प्यार भी भरपूर मिल रहा है। कृषिका की दादी नमीता ऋषि ने बताया कि यह टीवी पर तान्या मित्तल के किरदार को देखकर प्रभावित हुई, और उसी की तरह तैयार होना,बातें करना जैसे तमाम चीजों को वह स्वंय से करने लगी। बच्ची की मदर शायना ऋषि ने बताया कि कृषिका की एक्टिविटी को देखकर हम इसे सोशल मीडिया में शेयर करने लगे, लोगों ने इसे खूब पसंद किया और देखते ही देखते लाखों व्यूज आने लगे बच्चों के किरदार को खूब सराहा जा रहा है।

व्यापमं ने रविवार को 31 केंद्रों में सुबह 11 से दोपहर 1.15 तक में पुलिस आरक्षक की भर्ती परीक्षा आयोजित की। जिसमें पंजीकृत 11 हजार 751 अभ्यर्थियों में से 11 हजार 679 उपस्थित रहें, 72 अभ्यर्थी ही अनुपस्थित रहे। सात साल बाद आयोजित भर्ती परीक्षा में परीक्षार्थियों का उत्साह देखते बन रहा था। इसी तरह संघ लोक सेवा आयोग द्वारा 2 केंद्रों के तीन पालियों में सुबह 9 से 11, दोपहर 12.30 से 2.30 व शाम 4 से 6 बजे तक सीडीएस की परीक्षा व 3 केंद्रों की दो पालियों 10 से 12.30 व 2 से 4.30 तक में एनडीए की परीक्षा आयोजित की गई। सीडीएस परीक्षा में कुल दर्ज 521 परीक्षार्थी में से 323 उपस्थित व 198 अनुपस्थित रहे।

# आरक्षक भर्ती परीक्षा में छलका परीक्षार्थियों का उत्साह





11 हजार 751 में से सिर्फ 72 अनुपस्थित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

परीक्षा में सामान्य ज्ञान, छत्तीसगढ, गणित व रिजनिंग विषयों के प्रश्न पूछे गए। 100 नंबर की परीक्षा में किसी तरह का माइनस मार्किंग नहीं था। परीक्षार्थी विकास साहू ने बताया की 2018 के बाद बड़ी संख्या में आरक्षक भर्ती की परीक्षा आयोजित की गई है, जिससे बड़ी संख्या में युवाओं को मौका मिला, बिलासपुर समेत केंद्र बनाये प्रदेश के दूसरे जिलों मे भी उपस्थिति बेहद अच्छी रही। परीक्षार्थियों ने कहा कि प्रश्न पत्र सरल था, थोड़ा गणित के प्रश्नों ने थोड़ा परेशान जरूर किया। प्रश्न पत्र में भारत में किस क्षेत्र में सर्वाधिक रोजगार, पंचायती राज व्यवस्था व तानकुन मटुकदास,ओन्हा पहिरै सौ पचास जनउला का अर्थ और छत्तीसगढ की मुख्य फसल सहित कई प्रश्न पूछे गए।

### फिजिकल में चयनित अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

परीक्षार्थी सुशांत गुप्ता ने बताया कि आरक्षक भर्ती परीक्षा में फिजिकल दिसंबर में ही हो गया था, इसमें चयनित अभ्यर्थी ही परीक्षा में दिलवाया है। 6 हजार पदों पर हो रही यह परीक्षा में आरक्षकों की भर्ती की जाएगी। पुलिस विभाग में इनकी भर्ती होगी।

### दिसंबर में आएंगे परिणाम

आरक्षक के पदों में हो रही परीक्षा दो चरणों में आयोजित की गई, पहले चरण में फिजिकल दक्षता की हुई, दूसरे चरण में व्यापमं द्वारा परीक्षा ली गई। इन दोनों चरणों में जो अभ्यर्थी चयनित होगा,उनका चयन आरक्षक के पदों पर हो जाएगा, दिसंबर तक इसके परिणाम आ जाएंगे।

सीडीएस व एनडीए परीक्षा

## गणित के प्रश्नों ने किया परेशान

एनडीए की परीक्षा में कुल दर्ज 1 हजार 56 में से 648 उपस्थित व 408 अनुपस्थित रहे। केंद्रों पर सीडीएस द्वितीय और एनडीए एवं एनए द्वितीय परीक्षाओं का आयोजन किया गया। परीक्षा में गणित और सामान्य अध्ययन के प्रश्न कठिन रहे, इससे अभ्यर्थियों को इन प्रश्नों को करने में अधिक समय लगा, वहीं अंग्रेजी का स्तर सामान्य रहा। परीक्षा का आयोजन युपीएससी ने किया, जिसमें राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, नौसेना अकादमी और संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षा ली गई। एनडीए परीक्षा में गणित और सामान्य योग्यता आधारित प्रश्न पूछे गए। वहीं, सीडीएस परीक्षा में गणित, अंग्रेजी एवं सामान्य ज्ञान आधारित प्रश्न पूछे गए। परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों ने पेपर का स्तर सामान्य से कठिन बताया। गणित और सामान्य जान का कई प्रश्नों को करनों में अभ्यर्थी उलझ गए। एनडीए की पहली परीक्षा देने वाले सुशांत ने बताया कि पेपर में गणित के सवालों का स्तर कठिन था, जिन्हें हल करने में काफी समय लग गया। बार-बार हल करने में समय भी अधिक लगा। सीडीएस परीक्षा देने वाले सुधांशु शर्मा ने बताया कि पेपर में गणित के प्रश्न घुमा-फिराकर पूछे गए थे। इसके अलावा सामान्य ज्ञान के कई प्रश्न बहुत आसान थे और कुछ प्रश्न मुश्किल थे। वहीं अंग्रेजी के प्रश्न आसान रहे।

### कड़ी निगरानी के बीच मिला प्रवेश

परीक्षा के दौरान हर केंद्र पर अधिकारी और सुरक्षा बल मौजूद रहे, परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों की सख्त चेकिंग की गई। अभ्यर्थियों से सभी सामान केंद्रों के बाहर ही रखवा लिया। कोई भी बेग, बोटल, ज्योमैट्री बॉक्स आदि ले जाने नहीं दिया गया। परीक्षा की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की गई। वहीं, परीक्षा छूटने के बाद केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की काफी भीड़ रही।

आयोजन

## रोटरी क्लब ऑफ़ क्वींस ने किया वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का सम्मान



**बिलासपुर।** रोटरी क्लब ऑफ़ बिलासपुर क्वींस ने पितृ पक्ष के उपलक्ष्य में राजकिशोर नगर स्थित "माई की कुटिया" वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का सम्मान किया एवं सभी बुजुर्गों को रोटरी क्वींस ने चादर, टॉवेल, चप्पलें और खाने का सामान वितरित किया। उनके साथ कुछ समय बिताया और भविष्य में उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराने का वादा किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष सीमा ठाकुर, सचिव भारती सालुंके, कोषाध्यक्ष प्रियंका जीवनानी, उपाध्यक्ष रचना सिंह, संगीता चोपड़ा, स्वाति श्रीवास्तव उपस्थित थीं।

कार्यक्रम


## शांता फाउंडेशन परिवार ने मूक बधिर बच्चों को दी बेडशीट




**बिलासपुर।** शांता फाउंडेशन परिवार ने सोनी व मास्टर रेयांश घनशानी ने अपना जन्मदिन नूतन चौक सरकंडा स्थित सत्य साइन हेल्प में श्रवण बाधित बालिका आवास विद्यालय में मनाया। जहां मास्टर रेयांश ने इस स्कूल में पढ़ने वाली बालिकाओं एवं अपने परिवार के साथ केक काटा और इसके बाद वहां उपस्थित बच्चियों को भोजन परोस कर खिलाया और सभी बच्चियों को बेडशीट प्रदान की। इस अवसर पर शांता फाउंडेशन से नीरज गेमनानी, संदीप घनशानी, सृष्टि सिंह, अनिता तिवारी, राहुल साहू उपस्थित रहे।

दिल्ली पब्लिक स्कूल का आयोजन

## सोलो डांस एक्टिविटी और ऑब्जेक्ट आईडेंटिफिकेशन में कला का प्रदर्शन








**बिलासपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में नर्सरी के छात्रों के लिए ऑब्जेक्ट आईडेंटिफिकेशन एक्टिविटी एवं एलकेजी और यूकेजी के छात्रों के लिए सोलो डांस एक्टिविटी आयोजित की गई।

ऑब्जेक्ट आइडेंटिफिकेशन एक्टिविटी में नर्सरी के छात्रों ने अपनी स्मरण शक्ति का प्रदर्शन किया उन्होंने ऑब्जेक्ट आईडेंटिफाई किया एवं सोलो डांस एक्टिविटी में नर्सरी और एलजी के छात्रों ने अपने कला का प्रदर्शन किया। नर्सरी के छात्रों की एक्टिविटी के जजमेंट के लिए हमारे बीच स्वाति जेम्स मैम एवं राजनीर कौर मैम उपस्थित थे। एलजी और यूकेजी के छात्रों की एक्टिविटी के जजमेंट के लिए डॉ रश्मि द्विवेदी एवं माया शर्मा उपस्थित थे। शिक्षिकाओं ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया, कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य जसपाल सिंह माथ एवं प्रशासनिक अधिकारी आर .सी. मोहंती ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधि बच्चों के समग्र विकास में सहायक होती है,उन्होंने बच्चों की प्रशंसा की।

### इन बच्चों का चयन किया गया

सर्वश्रेष्ठ छात्रों का चयन किया जिनमें नर्सरी में अनाया दत्ता, कियान दुबे, अनाहिता बक्शी, अव्यान शुक्ला, स्वर्णिम पांडे, अव्नी बोरकर, हार्दिक सोनी, स्वास्तिक कुमार। एलकेजी में नमन पमनानी, सान्विका मिश्रा, टियाना ऋषि, अनायशा शर्मा, कियारा जुनेजा, अमाया हरियाणी, दक्षिता गुप्ता, चनप्रीत नोटरा। यूकेजी में आशी दुबे, तनीषा प्रकाश रावल, श्रेयांवी मिश्रा, अहाना कंजानी, मितांश गोयल, पावनी घई, आयरा कलवानी, काश्वी अग्रवाल।

## दुख दूर करने परमात्मा से प्रत्यक्ष संबंध जोड़ना आवश्यक - मंजू दीदी





**बिलासपुर।** ब्रह्मा कुमारीज़, शिव अनुराग भवन राज किशोर नगर में चल रहे 'गीता की राह, वाह जिंदगी वाह' शिविर के सातवें दिन, ब्रह्मा कुमारी मंजू दीदी के सान्निध्य में, श्रीमद् भगवद् गीता की गहन व्याख्या और आध्यात्मिक सिद्धांतों पर एक विस्तृत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया।

इस सत्र में आठवें अध्याय 'अक्षर ब्रह्म योग' से लेकर तेरहवें अध्याय 'क्षेत्रज्ञ विभाग योग' तक के महत्वपूर्ण रहस्यों को उजागर किया गया, जिसने उपस्थित प्रतिभागियों को आत्मिक जागृति और परमात्मा से गहरे संबंध की ओर अग्रसर किया। मंजू दीदी ने अपने उद्बोधन की शुरुआत परमात्मा की गोद में बैठने की अनुभूति, मन की एकाग्रता और 'मन मना भव' की स्थिति के गहन अनुभव से की। उन्होंने स्पष्ट किया कि हम सभी आत्माएँ सुख, शांति, आनंद, प्रेम, पवित्रता, ज्ञान और शक्ति जैसे सात गुणों का स्वरूप हैं। परमात्मा को ज्योति स्वरूप, स्वयंभू महेश्वर शिव ज्योति बताया गया, उन्हें प्यार से 'बाबा' कहा जाता है। परमात्मा शांति, आनंद, प्रेम और शक्तियों के सागर हैं, और उनसे जुड़ने पर आत्मा भी शक्तियों से भरपूर हो जाती है। दीदी ने राजयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री कृष्ण के समान देवत्व के गुणों को धारण करने का लक्ष्य हमें मिलता है, जिसमें क्रोध, चिड़चिड़ापन, उदासी और मोह जैसी कमियों पर विजय प्राप्त की जा सकती है। आठवें अध्याय 'अक्षर ब्रह्म योग' में समझाया गया कि मृत्यु के समय परमात्मा की याद में देह त्यागने वाली आत्मा सद्गति को प्राप्त करती है। सृष्टि के चक्र को समझाते हुए, दीदी ने बताया कि सतयुग और त्रेता युग 'ब्रह्मा का दिन' है, जब आत्माएं सतो प्रधान स्थिति में होती हैं, और द्वापर व कलयुग 'ब्रह्मा की रात' है, जब आत्माएं तमो प्रधान बन जाती हैं।

### मन को शक्तिशाली बनाने आत्मा को ईश्वरीय स्मृति व शक्ति का भोजन दें



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में आयोजित पाँच दिवसीय पॉजिटिव थिंकिंग क्लास के दूसरे दिन का सत्र विशेष रूप से प्रेरणादायी और ज्ञानवर्धक रहा। इस अवसर पर सेवाकेंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने उपस्थित जन को सकारात्मक चिंतन की गहराई से अवगत कराते हुए कहा कि "मन को शक्तिशाली बनाने के लिए आत्मा को ईश्वरीय स्मृति और शक्ति का भोजन देना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जैसे शरीर को स्वस्थ रहने के लिए नियमित और संतुलित आहार की आवश्यकता होती है, वैसे ही आत्मा को भी निरंतर सकारात्मक विचारों, ईश्वरीय ज्ञान और शक्ति से भरपूर याद की ज़रूरत होती है। यदि मन नकारात्मक विचारों, चिंता, तनाव और व्यर्थ भावनाओं से भर जाता है तो आत्मा दुर्बल हो जाती है और जीवन की चुनौतियों का सामना करने में कठिनाई अनुभव करती है। दीदी ने आगे कहा कि हर इंसान की सफलता उसके विचारों और मनोबल पर निर्भर करती है। जब हम स्वयं को आत्मा मानकर परमात्मा की याद में स्थिर होते हैं तो आत्मिक शक्ति का संचार होने लगता है। यह शक्ति हमें न केवल परिस्थितियों को सहज बनाने में मदद करती है, बल्कि जीवन में आने वाले तनाव, असफलता और संबंधों में उत्पन्न गलतफहमियों को भी खत्म करने की क्षमाता रखती है। यदि हम किसी परिस्थिति को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखते हैं तो समस्या अपने आप छोटी हो जाती है।

## हिन्दी की रक्षा करना हम सभी का दायित्व



कार्नर न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विचार मंच की 168वीं गोष्ठी में हिंदी भाषा की उपयोगिता और उसका प्रयोग विषय पर अश्विनी कुमार शर्मा ने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि भाषा प्रवाहमयी होती है, लिपि बाद में आई। भाषा कोई भी हो, वह अभिव्यक्ति का माध्यम होती है। अंग्रेजी भाषा की ओर बढ़ता आग्रह हिंदी भाषा के लिए घातक सिद्ध हो रहा है लेकिन वैश्विक उपयोगिता के कारण, रोजगार उपलब्धता के कारण अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई ने हिंदी को स्थानापन्न कर दिया है। हिंदी संस्कृत भाषा का आधुनिक स्वरूप है, इसमें हमारे संस्कार और संस्कृति जुड़ी हुई है जिसकी रक्षा हम सबका दायित्व है।

कार्यक्रम में मयंकमणि दुबे, संजय पांडेय, एस. विश्वनाथ राव, इंद्रसेन अग्रवाल, नरेंद्र कुमार सिंह, सामाजिक लाल, महेश चौकसे, विजय गुप्ता, गुरुवंत चंद्रा, रविना गवेल, संतोष कुमार, बृजेश सिंह कौशिक उपस्थित थे।

## विप्र कालेज हिंदी साहित्य परिषद की प्रिया अध्यक्ष, योशिता उपाध्यक्ष

डीपी विप्र महाविद्यालय के हिंदी विभाग में सत्र 2025–26 के लिए हिंदी साहित्य परिषद का गठन किया गया। इस अवसर पर बी.ए. प्रथम व तृतीय सेमेस्टर तथा एम.ए. हिंदी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिसमें प्रिया वर्मा को अध्यक्ष, योशिता साहू को उपाध्यक्ष, कुशाल सचिव तथा अर्चिता सह सचिव निर्विरोध निर्वाचित हुईं। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. सुरुचि मिश्रा, डॉ. ज्योति तिवारी, लोकेश कुमार वर्मा और सूचित दुबे की उपस्थिति रही। डॉ. सुरुचि मिश्रा ने विद्यार्थियों से कहा कि हिंदी साहित्य परिषद का उद्देश्य छात्रों की



रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और साहित्यिक अभिरुचि को मंच प्रदान करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि नाटक, नुक्कड़ नाटक, गीत तथा साहित्य की विविध विधाओं के माध्यम से मंचीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ। इससे न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा का विकास होगा, बल्कि समाज में साहित्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। यह जानकारी एम एस तंबोली ने दी।



### हिंदी दिवस पर भाषण, कविता, गीत प्रतियोगिता

श्रीवास समाज महिला प्रकोष्ठ बिलासपुर संभाग ने रविवार 14 सितंबर को हिंदी दिवस के अवसर पर भाषण, कविता, गीत प्रतियोगिता का आयोजन सुरेंद्र श्रीवास संभागीय अध्यक्ष एवं संतोष श्रीवास संभागीय कोषाध्यक्ष के आतिथ्य में श्रीवास भवन मंगला चौक में किया।

हिंदी दिवस पर आयोजित इस विविध आयोजन में कल्पना श्रीवास प्रथम, आशा श्रीवास द्वितीय एवं सुमन श्रीवास व श्यामता श्रीवास को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी विजयी प्रतिभागियों को महिला प्रकोष्ठ बिलासपुर ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष ज्योति श्रीवास, उपाध्यक्ष मेलन श्रीवास, सचिव सरिता श्रीवास, कोषाध्यक्ष आशा श्रीवास, मीडिया प्रभारी निशु श्रीवास, सुमन श्रीवास, कामिनी श्रीवास, परमिला श्रीवास , गीता श्रीवास, श्यामता श्रीवास, सुमन लता श्रीवास, कला श्रीवास, कल्पना श्रीवास सहित बच्चों की विशेष उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### आत्मानंद स्कूल में किसान पंजीयन आज से

**लोरमी।** किसान पंजीयन के सत्यापन हेतु 15 सितम्बर से 19 सितम्बर तक आत्मानंद स्कूल परिसर में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। एसडीओ कृषि धनंजय कुर्रे ने बताया कि, नगरपालिका क्षेत्र के सभी किसान इन 5 दिन में सत्यापन जरूर करा लेंगे। इसके लिए किसान अपने भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर लेकर आएंगे। उन्होंने बताया कि, सभी किसान निश्चित रूप से पंजीयन का सत्यापन करा लेंगे, सत्यापन नहीं होने की स्थिति में धान बेचने में समस्या होगी।

### दुकान से नकदी सहित 70 हजार का समान पार

**तखतपुर।** दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने 70 हजार रूपए का समान और 9 हजार रूपए नगदी पार कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आंसमा सिटी सकरी निवासी अनिक त्रिपाठी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, ग्राम खम्हरिया में अनिक इंडस्ट्रीज के नाम से उनकी दुकान है। 12 सितम्बर की शाम 7 बजे दुकान बंद कर वे घर चले गया थे। 13 सितम्बर की सुबह 9 बजे कर्मचारी फोन कर बताया कि, दुकान का ताला टुटा हुआ है। उन्होंने मौके पर जाकर देखा तो दुकान के अंदर से लगभग 70 हजार रूपए का समान एवं 9 हजार रूपए नकद की चोरी हो गई थी। शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 305, 331,4 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### नाबालिग का दैहिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार

**पथरिया।** क्षेत्र की नाबालिग ने पथरिया थाने में शुक्रवार 12 सितंबर को शिकायत दर्ज कराई कि, कलार जेवार निवासी तुलाराम राजपूत पिता बेदराम राजपूत पिछले एक साल से उसके साथ आते-जाते समय छेड़खानी करता था। इसके बाद युवक लड़की को शादी का झांसा देकर 24 अक्टूबर 2024 से लगातार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब पीड़िता बालिग हुई तो युवक तुलाराम को शादी करने की बात की, लेकिन आरोपी तुलाराम राजपूत ने शादी करने से इंकार कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने 64(2)(म) बीएनएस 4, 6 पोक्सो एक्ट को तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि, आरोपी तुलाराम राजपूत पिता बेदराम राजपूत उम्र 21 वर्ष दूसरे राज्य भागने के फिराक में है। सूचना पर पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

## निधन

### शशिकला

**बिलासपुर।** पुराना हाईकोर्ट के पीछे



टिकरापारा निवासी श्रीमती शशिकला देवी राय का निधन हो गया। वे 65 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार दयलाबंद मधुबन मुक्तीधाम में किया गया। वे किशनलाल राय की पत्नी व राहुल राय की माता थीं।

### उपेन्द्र भारत

**बिलासपुर।** अधिवक्ता उपेन्द्र भारत



का निधन हो गया। वे 82 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 15 सितंबर को दोपहर 1 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे विद्या भारत के पति, राहुल भारत, रोहित भारत, तनु जायसवाल के पिता थे।

### सुखदेव निर्णेजक

**मस्तूरी।** गांव के प्रतिष्ठित नागरिक



सुखदेव निर्णेजक 55 वर्ष पिता लक्ष्मण निर्णेजक का 10 सितंबर को शाम 6 बजे निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार 11 सितंबर को सुबह 10 बजे गृह ग्राम में किया जायेगा। वे सुजीत निर्णेजक के बड़े भाई एवं प्रदीप, संदीप के पिता थे।

### कमल प्रजापति

**मस्तूरी।** स्थानीय निवासी कमल



प्रजापति 40 वर्ष का 13 सितम्बर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे दिलहरण प्रजापति के बड़े पुत्र एवं मझला ,गब्बर ,सुरेश प्रजापति के बड़े भाई थे।

## विधायक धर्मजीत सिंह के जन्मदिवस पर जगह जगह कार्यक्रम हुआ आयोजित

### समर्थकों ने उत्साह और उमंग से मनाया विधायक का जन्मदिन

# ये पल मेरे लिए अविस्मरणीय: धर्मजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

आप सभी का प्रेम और विश्वास ही मेरी असली ताकत है,मैं जीवन भर इसी तरह जनसेवा करता रहूंगा और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित रहूंगा आपने जो मान सम्मान और प्रतिष्ठा दी है ये पल मेरे लिए अविस्मरणीय है मैं पूरे तखतपुर विधानसभा के विकास के लिए दृढ़संकल्पित हूं उक्त उदगार तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने सकरी नगर के बाजार पारा एवं लाखासार मोड़ में अपने जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में व्यक्त किया उन्होंने कहा कि एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा है दोस्तो,ये दिल तुम्हारे प्यार का मारा है दोस्तो उन्हें उपस्थित जनसमूह का आभार जताया।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके द्वारा कराए गए विकासकार्यों की जानकारी दी। सकरी बाजार पारा में भाजपा नेता विशाल विक्की सिंह, मंडल अध्यक्ष रवि मेहर,जोन अध्यक्ष दिलीप कोरी,अनिल पप्पू शर्मा के नेतृत्व में जन्मदिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया , जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी,संतोष वस्त्रकार, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सूरज मिश्रा,पूर्व मंडल अध्यक्ष बी आर महोबिया, जिला कार्यकारणी सदस्य मनोज साहू, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष संतोष दुबे,मंडल महामंत्री द्वय धात्री गुप्ता, तुलसी कौशिक,जनक प्रजापति, संजय यादव,राजेश देवांगन,अमर गुप्ता,,प्रकाश पाल,संजय भार्गव,तुलसी कौशिक,प्रशांत गुप्ता,जितेन्द्र सूर्यवंशी,राहुल श्रीवास,शानू दुबे,रसीद खान तिलक सूर्यवंशी, सुरेश रात्रे, सोन साय साहू, सोनू पटवा,सुरेश रात्रे,शासकीय महाविद्याल सकरी की प्राचार्य रूबी मिलहोत्रा,परियोजना अधिकारी ज्योती संजय कश्यप,राजेश यादव, शेर सिंह राजपूत,मनोज गुप्ता ,खेमलता महिलांगे सहित बड़ी संख्या में



जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष रामकुमार निर्मलकर के नेतृत्व में हुआ धर्मजीत सिंह का स्वागत।

### काठाकोनी में विधायक ने हनुमानजी का दर्शन कर लिया आशीर्वाद

विधायक धर्मजीत ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर काठाकोनी स्थित पंच मुखी हनुमान मंदिर में दर्शन का आशीर्वाद लिया और क्षेत्रवासियों के खुशहाली के लिए कामना की।इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य रामचरण वस्त्रकार,खजुरी नवागांव सरपंच मनोज बंटी तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। लाखासार मोड पर जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी एवं मंडल अध्यक्ष रामकुमार निर्मलकर के नेतृत्व में जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां फूल माला और आतिशबाजी करते हुए गजमाला पहनाकर केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया गया।

भाजपाजन उपस्थित थे। जन्मदिन के अवसर पर भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य नीरू बिष्ट,जिला मंत्री रानू सिदार, मंडल महामंत्री धात्री गुप्ता के नेतृत्व में जन्मदिवस मनाया गया इस अवसर पर राजेश्वरी पटवा,पूर्व एल्डरमैन मंगला पाण्डेय,लक्ष्मीन साहू, सावित्री गढ़ेवाल, रामकली मेहर,विमला साहू,अनीता महिलांगे,गौरी साहू,विजय लक्ष्मी शर्मा सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित थे।होराइजन डेंटल कॉलेज के डीन,दंत चिकित्सको एवं यहां अध्ययनरत छात्र छात्राओं द्वारा विधायक का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष घनश्याम कौशिक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक ,भाजपा काठाकोनी मंडल अध्यक्ष रामकुमार निर्मलकर, भाजपा जिला कार्य करणीय सदस्य द्वय रामचरण वस्त्रकार , ललित यादव, सभापति अंबिका साहू,,मंडल अध्यक्ष रामकुमार निर्मलकर,जनपद सदस्य गण कविता महेश जादव, मनहरण कौशिक, जया जलेश्वर साहू,मंडल महामंत्री द्वय शैलेन्द्र कौशिक,अश्वनी साहू, सेवा सहकारी समिति सकरी अध्यक्ष मनीष तिवारी,मंडल उपाध्यक्षः- भोलानाथ तिवारी, श्यामता कौशिक, श्रवण मरावी, हरिराम सिंगरौल, मंडल मंत्री रुक्मिणी साहू,श्यामता श्रीवास,सरपंच कविता टिकेश साहू, प्रवीण कौशिक, अलख राम निर्मलकर लाखासार, अंजुलता पाण्डेय,अविनाश वर्मा,सीमा खेलू लहरें, कुंती सुरेश सूर्यवंशी, संजय सोनवानी,कमल कश्यप, शैलेन्द्र सिंह,कविता जगमोहन मरावी, सावित्री बलराम बिंझवार,मनोज तिवारी,संजय सूर्यवंशी, मांगेलाल नागेशी, संजय सोनवानी, रामकुमार कौशिक, राजेश्वर मेहर, मंडल कार्य समिति सदस्य रामुलाल पटेल, देवेंद्र वर्मा, प्रवीण तिवारी, आनंद अवस्थी, वीरेंद्र कौशिक, सुनील कौशिक,बद्री कौशिक, शशी कौशिक, बैसाखूराम साहू,गया प्रसाद निर्मलकर,सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रेमलाल सिंगरौल,यशवंत दुबे,अरुण कौशिक,भाजपा नेता दशरथ पाण्डेय, अभिनव उपाध्याय, शिंपू मिश्रा, कार्यकर्ता सत्यवती धृतलहरे, लालाराम सूर्यवंशी, रामफल निर्मलकर, सुकृता कृष, शशि कौशिक, चंद्रिका मरावी, लक्ष्मी देवी जायसवाल, लक्ष्मीन कौशिक, आसमनी मानिकपुरी, सावित्री कौशिक,गौरी कौशिक, शकुंतला साहू, रीना खुसरो, रेखा मसीह, दीपा यादव, अनीता निर्मलकर, सीमा मेहर, राधिका साहू, सरोजनी साहू, शबाना बेगम, कुमारी कौशिक, ललनी विश्वकर्मा, क्रांति मानिकपुरी, भागमति साहू, रानी कौशिक, शिवकुमारी निर्मलकर, पुष्पा कौशिक, सुखमणि कौशिक, मीना साहू, किरण खुसरो, प्रभा छात्रे, रजिया बेगम, सरोजनी कौशिक, बदन कौशिक, माया सूर्यवंशी, वंदना करूँने, सावित्री साहू, संतोषी केवट, धनकुंवर कौशिक, चमेली खांडे सहित ग्रामीणजन एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



सकरी मंडल में रवि मेहर व राकेश तिवारी ने किया स्वागत।



शिक्षक कालोनी के अध्यक्ष अनिल शर्मा पप्पू ने किया स्वागत



रंजना तुलसी कौशिक, रोशनी मानिकपुरी ने किया सम्मान।



बलराम पटेल व दीपक रजक ने दी शुभकामनाएं।

# प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण बजरंग दल ने किया विरोध

**सीपत।** सीपत के नवाडीह तिवारी प्लॉट में प्रार्थना सभा के बहाने धर्मांतरण किए जाने की आशंका पर रविवार सुबह बजरंग दल के कार्यकर्ता विरोध जताने पहुंचे। देखते ही देखते माहौल गरमा गया, और बात झूमाझटकी तक पहुंच गई।

इस दौरान दोनों पक्ष के लोगों को हल्की चोटें आईं। मौके की संवेदनशीलता को देखते हुए एएसपी राजेश जायसवाल, एसडीओपी निमितेश सिंह सहित सरकंडा, तारबहार, बिल्हा और मस्तूरी थानों से भारी पुलिस बल मंगाकर मौके पर तैनात किया गया। पुलिस ने बीच-बचाव कर स्थिति काबू में करने की कोशिश की, मगर मामला थाने तक पहुंच गया ईसाई समुदाय के लोग एफआईआर दर्ज कराने के बाद भी थाने में डटे रहे और, बजरंग दल कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे।



घटनास्थल पर मौजूद पुलिसकमी।

दूसरी ओर, बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ता भी थाने के बाहर जुट गए और जय श्रीराम के नारे लगाते हुए हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे। थाने का माहौल देर तक तनावपूर्ण रहा। आखिरकार पुलिस अधिकारियों की समझाइश पर मामला शांत हुआ।

#### एफआईआर दर्ज

धार्मिक सभा पुलिस की अनुमति के बिना आयोजित की गई थी। दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति बनी। दोनों पक्षों से आवेदन लेकर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। विधिक कार्रवाई कर जांच की जा रही है।

- निमितेश सिंह, सीएसपी

### मुंगेली के व्यापारियों ने पीएम का जताया आभार

**मुंगेली।** केंद्र सरकार की ओर से लागू किए गए नेस्ट जेन जीएसटी 2.0 के ऐतिहासिक सुधारों को लेकर मुंगेली के व्यापारिक समाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद पत्र प्रेषित किया है। मुंगेली चेम्बर ऑफ कॉमर्स एवं छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज जिला इकाई मुंगेली के पदाधिकारियों ने कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जीएसटी की दो-स्लैब प्रणाली लागू होना एक दूरदर्शी निर्णय साबित हुआ है। इस सुधार से छोटे व्यापारियों, उद्यमियों, किसानों और कारीगरों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। पदाधिकारियों ने कहा कि, व्यापारिक जगत में इस निर्णय को लेकर व्यापक उत्साह है। यह कदम देश की अर्थव्यवस्था को वैश्विक स्तर पर मजबूती प्रदान करेगा। इस अवसर पर मुंगेली चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजकुमार वाधवा, जिलाध्यक्ष नरेन्द्र कोटडिया, महामंत्री अमितेष आर्य, सभापति कोमल शर्मा, प्रदेश महामंत्री प्रवीण वैष्णव तथा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम आर्य सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्यार देकर जनता ने मेरे जीवन में खुशियां भर दी: धर्मजीत





विधायक धर्मजीत सिंह को जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते समर्थक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

जनता का जो प्रेम मेरे जन्मदिन पर मुझे मिला है, इस ऋण को मैं तखतपुर की जनता की जीवन भर सेवा करके चुकाउंगा। आपसे जो प्यार मिला है, वह अमिट स्याही की तरह है। जिस तरह एक चित्रकार तस्वींर बनाते वक्त रंगों से भर देता है, वैसे ही तखतपुर की जनता ने मुझे इतना प्यार देकर मेरे जीवन में खुशियों को भर दिया है।

उक्त बातें तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने अपने जन्मदिन के अवसर पर मंडी चौक में आयोजित सम्मान समारोह में कही। तखतपुर में विधायक धर्मजीत सिंह का जन्मदिन हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री सिंह का जगह-जगह स्वागत किया गया। नगर के मंडी चौक में धर्मजीत सिंह को लड्डुओं से तौला गया और सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, अशोक ठाकुर, विशाल सिंह, वरूण सिंह, अमित मंदानी, दिनेश राजपूत, राजेश सोनी, कृष्ण कुमार साहू, विश्वनाथ यादव, गरीबा यादव, शिप्रा सामुएल, सन्नी बग्गा, सोनू बग्गा, विक्रम सिंह ठाकुर, सोहन कश्यप, चंद्रकांत द्विवेदी, सुमित सचदेव सहित अन्य उपस्थित रहे।



रमन मिरी एवं भारती माली जन्मदिन की बधाई देते हुए।



विजयपुर मण्डल ने दी बधाई।



सन्नी बग्गा, सोनू बग्गा परिवार के द्वारा बधाई देते हुए।



बाला सिंह ठाकुर के द्वारा जन्मदिन की शुभमामनाएं देते हुए।

# वैदिक कॉलेज में संगोष्ठी, प्रदेश विकास को लेकर चर्चा

सीपत। छत्तीसगढ़ स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर वैदिक महाविद्यालय सीपत में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ 50 एवं विकसित छत्तीसगढ़ 2047 विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और प्राध्यापकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति देखने को मिली।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता संस्था के चेयरमेन द्वारिकेश पांडेय ने कहा कि, छत्तीसगढ़ अब युवा बन चुका है, यह शक्तियों का प्रतीक है। आने वाला समय युवाओं का है, इसलिए खुद को सक्षम बनाइए और प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाइए। महाविद्यालय के प्राचार्य सीआर





संगोष्ठी को संबोधित करते अतिथि।

कैवर्त ने कहा कि, राज्य विकसित होगा तभी देश विकसित होगा। विद्यार्थी और नागरिक जितने योग्य बनेंगे, उतना ही हमारा प्रांत और राष्ट्र समृद्ध होगा। हमें कुटुम्ब की भावना, सामाजिक समरसता और जाति-भाषा के नाम पर विभेद को त्यागना होगा। स्वदेशी अपनाएं, नागरिक कर्तव्यों का पालन करें और ज्ञान तथा समझ को निरंतर विकसित करें। कार्यक्रम का संचालन कर रहे सहायक प्राध्यापक हिमांशु गुप्ता ने कहा कि, आज के विद्यार्थी ही कल के छत्तीसगढ़ और भारत के निर्माता हैं। इसलिए युवाओं को चाहिए कि वे शिक्षा, समझ और संस्कार के बल पर प्रदेश को 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की ओर ले जाएं। संगोष्ठी में सभी प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने उत्साह के साथ वक्ताओं के विचारों को आत्मसात किया।

### भाजपा सीपत मंडल के कार्यकर्ता जुटे

# सेवा पखवाड़ा कार्यशाला में आरएसएस शताब्दी वर्ष पर चर्चा

**सीपत।** भारतीय जनता पार्टी सीपत मंडल की सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को खम्हरिया के गायत्री मंदिर में हुआ। कार्यशाला में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम में आरएसएस छत्तीसगढ़ प्रांत संवाद एवं शिक्षा प्रमुख के प्रफुल शर्मा ने बताया कि, संघ की स्थापना भारत मां की सेवा और राष्ट्रनिर्माण के उद्देश्य से हुई थी।

कठिन परिस्थितियों में भी संघ का समर्पण कभी कम नहीं हुआ। आज संघ के 32 संगठन पूरे देश में सक्रिय हैं। उन्होंने जानकारी दी कि, शताब्दी वर्ष को भव्य रूप से मनाने के लिए पूरे वर्ष विभिन्न सांस्कृतिक, शैक्षणिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सीपत क्षेत्र में 2 अक्टूबर को पथसंचलन निकाला जाएगा, जिसमें बड़ी





भाजपा की बैठक में उपस्थित अतिथि।

संख्या में स्वयंसेवक भाग लेंगे। इसके साथ ही आगामी महीनों में ग्राम स्तर पर सेवा कार्य, संस्कार शिविर, व्याख्यानमाला और पौधरोपण अभियान जैसे आयोजन भी होंगे। भाजपा मंडल प्रभारी एवं जिला ग्रामीण भाजपा उपाध्यक्ष अवधेश अग्रवाल ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है, जो 2 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि इस क्रम में 17 सितंबर को मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में जिला स्तरीय ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित होगा, जिसमें 75 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है। अग्रवाल ने यह भी कहा कि अटल चौक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय, लालबहादुर शास्त्री और महात्मा गांधी की जयंती पर विशेष कार्यक्रम होंगे। मंडल स्तर पर कुल 7 प्रमुख आयोजन तय किए गए हैं। इस दौरान सीपत भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कार्यशाला का उद्देश्य और कार्यक्रम प्रभारियों की नियुक्ति की जानकारी दी।

कार्यक्रम का संचालन सतीश पाटनवार और आभार प्रदर्शन हरिकेश गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में द्वारिकेश पांडेय, दिलेन्द्र कौशिल, प्रकाश सूर्या, मनहरण यादव, मन्नू सिंह, बलराम पाटनवार, राजेश कैवर्त, नीरज सिंह, अभिलेश यादव, बसंत साहू, नूरी कौशिल, नंदनी साहू, किरण पाटले, सरिता शर्मा, नागेश्वर सिंह, तिरुपति पाटनवार, रामफल धीवर, तुषार चंद्राकर, ललित यादव, वैभव तम्बोली, शुभम यादव, दिनेश विजय, लालू साहू, महेंद्र पाटनवार, विक्रम राजपूत, कुलेश्वर पाटनवार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भीड़ में जेब काटने वाले 2 गिरफ्तार, 18 हजार जब्त

**तखतपुर।** विधायक का जन्मदिन मना रहे कार्यकर्ताओं की जेब काटने वाले चार आरोपियों में से पुलिस ने दो को गिरफ्तार कर 18 हजार रूपए जब्त कर लिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह का जन्मदिन के अवसर पर शनिवार को तखतपुर में जगह जगह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया था।

इस दौरान भीड़ का फायदा उठाते हुए पाकिट मार लोगों की जेबों पर हाथ साफ कर रहे थे। मंडी चौक के पास ग्राम बराही निवासी राजेंद्र मेरसा की जेब काट गई एवं 2 हजार रूपए गायब हो गए, इसकी सूचना थाना प्रभारी अनिल अग्रवाल को दी गई। सूचना पर पुलिस ने संदोही युवक प्रकाश



संवरा पिता मंगल संवरा 23 वर्ष निवासी पंडरिया को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद आरोपी की निशानदेही पर उसके एक अन्य साथी हीरू संवरा पिता भुरूवा संवरा 22 वर्ष को गिरफ्तार कर दोनों के कब्जे से 18 हजार रूपए जब्त किया गया। मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 304, 3,5 के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया। वहीं दो अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## खबर संक्षेप

### अभियंता दिवस पर विकास संस्कृति महोत्सव आज

**बिलासपुर।** भारतरत्न डॉ. एम विश्वेसरैया की जयंती 15 सितम्बर को मनाई जाएगी। इस अवसर पर विकास संस्कृति अभियंता अकादमी द्वारा विकास संस्कृति महोत्सव का आयोजन होटल रीगल टैगोर चौक में किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री तथा विशेष अतिथि पूर्व बी डी ए चेयरमैन अनिल टाह, डॉ जितेन्द्र कुमार सिंह संजय, अधीक्षण अभियंता इंजी आलोक अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता साहित्यकार डॉ.बृजेश सिंह करेंगे। विकास संस्कृति अभियंता अकादमी के प्रांतीय अध्यक्ष इंजी. एमपी साहा ने बताया कि डॉ एम विश्वेसरैया महान अभियंता के साथ-साथ महान तकनीकी साहित्यकार थे आपने ने भारत के नवनिर्माण से सम्बन्धित अनेक पुस्तकों की रचना की। विकास संस्कृति महोत्सव में जहां राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन है वहीं पर्यावरण पर केन्द्रित तीन शोधग्रंथों का विमोचन किया जा रहा है। तीन साहित्यकारों को दस - दस हजार की सम्मान राशि सहित राष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित किया जा रहा है। इसमें श्रीमती शोभा टाह नामित पर्यावरण प्रज्ञा सम्मान, डॉ रविन्द्र पी ठाकरे महाराष्ट्र, राजर्षि कल्याण सिंह नामित विद्यावारिधि सम्मान आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री दिल्ली तथा अभियंता सूर्यभान सिंह नामित साहित्य महोदधि सम्मान डॉ जितेन्द्रकुमार सिंह संजय उत्तरप्रदेश को दिया जा रहा है। साहित्यकारों को भी सम्मानित किया जा रहा है।

### उठे स्वर विनीता की स्वरचित कविता संग्रह का विमोचन



**बिलासपुर।** शासकीय स्नातकोत्तर शिक्षा महाविद्यालय छतरपुर में सहायक प्राध्यापक विनीता गुप्ता की कविता संग्रह गूँज उठे स्वर का विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉक्टर गायत्री बाजपेई, अध्यक्षता मालती श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अंजली गुप्त, बिलासपुर छत्तीसगढ़ की नीरजा श्रीवास्तव थीं। अतिथियों ने गूंज उठे स्वर नामक पुस्तिका का करतल ध्वनी से विधिवत विमोचन हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद सरस्वत ने किया। मालती श्रीवास्तव ने कवयित्री विनीता की कविताओं को न केवल सराहा बल्की उन्हें मील का पत्थर कहकर परिभाषित किया।

### जम्मूतवी और हीराकुंड का स्टापेज भोडवाल माजरी स्टेशन में

**बिलासपुर।** भोडवाल माजरी स्टेशन में जम्मूतवी और हीराकुंड एक्सप्रेस ट्रेन का स्टापेज देने का निर्णय लिया गया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार 78वां अंतरराष्ट्रीय निरंकारी संत समागम हरियाणा में निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन को देखते हुए रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए 20808/20807 अमृतसर-विशाखापट्टनम और विशाखापट्टनम से अमृतसर के बीच चलने वाली हीराकुंड एक्सप्रेस और 20847/20848 दुर्ग-जम्मूतवी और जम्मूतवी से दुर्ग के बीच चलने वाली एक्सप्रेस का स्टापेज भोडवाला माजरी रेलवे स्टेशन पर 6 अक्टूबर से 7 नवम्बर तक दो मिनट के लिए देने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

अन्य प्लेटफार्म पर स्टापेज देने से यात्रियों को अभी भी हो रही परेशानी

# प्लेटफार्म नंबर एक मालगाड़ियों के लिए बुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



रेलवे बोर्ड से मिलने वाले माल लदान के टारगेट से अधिक टारगेट अचीव करने के बावजूद प्लेटफार्म नम्बर एक पर मालगाड़ियों का स्टापेज बंद नहीं हो रहा है, जिसकी वजह से परेशानी यात्रियों को झेलनी पड़ रही है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर के प्लेटफार्म नम्बर एक पर यात्रियों के लिए सारी सुविधाएं वेटिंग हाल, आरक्षण कार्यालय, जनरल टिकिट काउंटर, रिटायरनिंग रूम, डारमेट्री हाल, जनआहार, फूड प्लाजा सहित अन्य सुविधा है। इस सुविधा का वर्तमान समय में यात्री फायदा नहीं उठा पा रहे हैं। बिलासपुर रेलवे स्टेशन में एक समय ऐसा था कि प्लेटफार्म नम्बर एक पर मुम्बई की ओर से हावड़ा की ओर जाने वाली सारी गाड़ियों के अलावा दुर्ग से कटनी रूट की ओर जाने वाली गाड़ियों के स्टापेज दिए जाते थे। इसकी वजह से प्लेटफार्म नम्बर एक पर यात्रियों की भीड़ भी अधिक होती थी। दुर्ग से कटनी रूट की ओर जाने वाली चार मुख्य गाड़ियां दुर्ग-ऊधमपुर, दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन संपर्कक्रांति एक्सप्रेस, दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस और दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस को उसलापुर से चलाना शुरु कर दिया गया। इन चारों मुख्य ट्रेनों के साथ दूसरी यात्री ट्रेनों का स्टापेज बंद करते हुए प्लेटफार्म नम्बर एक पर केवल मालगाड़ियों का स्टापेज शुरु कर दिया गया। मालगाड़ियों का स्टापेज प्लेटफार्म नम्बर एक पर दिए जाने के कारण हावड़ा की गाड़ियां प्लेटफार्म नम्बर 4-5 और मुम्बई से हावड़ा की ओर जाने वाली गाड़ियों का स्टापेज प्लेटफार्म नम्बर 2-3 पर दिया जाने लगा। इसके कारण यात्रियों को काफी परेशानी होने लगी। जोनल स्टेशन के जिस प्लेटफार्म नम्बर एक पर एक समय पर दिखने वाली यात्री गाड़ियों के स्थान पर केवल मालगाड़ियां दिखने लगी। यात्रियों की परेशानियों को देखते हुए कोर्ट ने रेलवे से यात्रियों को सुविधा देने का आदेश भी दिया।

इस आदेश को दरकिनार करते हुए मालगाड़ियों को चलाने के साथ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित करते हुए जोनल रेलवे ने 250 मिलियन टन के लदान का टारगेट भी पूरा कर लिया। इसके बावजूद वर्तमान में मालगाड़ियों का स्टापेज प्लेटफार्म नम्बर एक पर देना बंद नहीं किया गया है।

#### यात्री हो रहे हलाकान

प्लेटफार्म नम्बर एक की तरह प्लेटफार्म नम्बर 2-3, 4-5 और अन्य प्लेटफार्म पर किसी तरह की सुविधा नहीं है। वर्तमान में बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन को एयरपोर्ट बनाने का काम किया जा रहा है। इसके लिए स्टेशन के सामने संचालित होने वाले पार्किंग को अब मुल्कराज होटल के पीछे स्थानांतरण कर दिया गया है। इसमें सबसे अधिक परेशान दिव्यांग, बुजुर्ग, महिलाएं हो रही हैं, जिन्हें प्लेटफार्म नम्बर एक पर ट्रेन नहीं मिलने के कारण दूसरे प्लेटफार्म तक का सफर पैदल तय करना मजबूरी हो गई है। इस पैदल सफर के चक्कर में यात्री भी काफी परेशान हो गए हैं।

#### संबंधित विभाग से सूचना

ट्रेनों को परिचालन दृष्टिकोण से डिल करना पड़ता है। यह प्लेटफार्म आक्यूपेशन चार्ट के अनुसार ही डिल की जाती है। मालगाड़ियों का स्टापेज प्लेटफार्म नम्बर एक दिए जाने के संबंध में संबंधित विभाग से सूचना ली जाएगी।

**-अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

# शासकीय माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय में हिंदी सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



शासकीय माता शबरी नवीन कन्या में महाविद्यालय में हिंदी सप्ताह मनाया गया। इस अवसर पर निबंध , रंगोली ,पोस्टर, काव्य पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई। हिंदी सप्ताह पर आयोजित व्याख्यान में मुख्य अतिथि एयू के कुल सचिव डॉक्टर तारणीश गौतम थे एवं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर आर के सचदेव थे ।

मुख्य अतिथि डॉक्टर डॉक्टर गौतम ने कहा कि हिंदी समृद्ध भाषा है ,हमारे देश के संस्कृति और परंपरा की संवाहिका है ।भारत में अंग्रेजी भाषा केवल स्किल डेवलपमेंट के तौर पर अपनी गई है ना की भाषा रूचि के आधार पर । विदेश में बसे भारतीयों की प्रिय भाषा हिंदी ही है। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर आर के सचदेव ने कहा हिंदी एक लोकप्रिय भाषा है। विदेशों में भी हिंदी भाषा का न केवल अध्यापन किया जाता है बल्कि उसे रुचि के आधार पर सीखा भी जाता है । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर के के भंडारी ने कहा कि हिंदी हमारे देश की एकता की प्रतीक है । डॉ इसाबेला लकडा. ने स्वागत उद्बोधन दिया, कार्यक्रम का संचालन डॉ बेला महंत ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन खगेश्वरी साहू ने दिया।

काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम आंचल भट्ट, द्वितीय प्रियांशा एवं तृतीय कल्याणी सूर्यवंशी रही। रंगोली में प्रथम कल्याणी सूर्यवंशी द्वितीय अर्चना बरगाह, तृतीय निकिता सिंह ने प्राप्त किया। निबंध में मानसी श्रीवास प्रथम, कुमार निशा सारथी द्वितीय एवं संस्कृति तिवारी और साक्षी तिर्की ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर में प्रथम मानसी राजपूत स्थान कुमारी सोनम मिरि बीएससी तृतीय वर्ष ,तृतीय स्थान कुमारी ममता धुरी तृतीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक ,कर्मचारी गण एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

### दुर्ग एवं निज़ामुद्दीन के लिए पूजा स्पेशल ट्रेन 5 से

**बिलासपुर।** रेलवे ने त्यौहारो के अवसर पर गाड़ियों मे होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए एक पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन दुर्ग एवं हजरत निजामुद्दीन स्टेशन के मध्य आठ फेरे के लिए किया है। यह ट्रेन दुर्ग से गाड़ी संख्या 08760 तथा हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से गाड़ी संख्या 08761 के साथ चलेगी। ट्रेन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर, उसलापुर, पेंडरा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी मुरवारा, दमोह, सागर, झाँसी, आगरा कैंट, मथुरा जंक्शन, पलवल स्टेशनों पर ठहरकर हज़रत निजामुद्दीन तक जाएगी। 08760 दुर्ग–हजरत निजामुद्दीन पूजा स्पेशल दुर्ग से 5 अक्टूबर से 23 नवम्बर तक तथा 08761 हज़रत निज़ामुद्दीन-दुर्ग पूजा स्पेशल हज़रत निज़ामुद्दीन से 6 अक्टूबर से 24 नवम्बर तक चलाई जाएगी। इसी तरह रेलवे प्रशासन ने दुर्ग से चलने वाली 08760 दुर्ग–हज़रत निजामुद्दीन पूजा स्पेशल ट्रेन का रायपुर स्टेशन की समय सारणी आंशिक परिवर्तन किया गया है। यह गाड़ी रायपुर स्टेशन 11.20 बजे पहुचकर 11.30 बजे रवाना होगी।

# केन्द्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष ने ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केन्द्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्या ने आज यहां जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आदिवासी समाज प्रमुखों की बैठक ली। उन्होंने उनकी समस्याएं सुनी और ज्ञापन भी लिए। श्री आर्या ने कहा कि बैठक में आज आदिवासी समाजों की ओर से महत्वपूर्ण सुझाव मिले हैं। ये सभी कानूनी एवं विभिन्न संवैधानिक मुद्दों से जुड़े हैं। इन सभी को राष्ट्रपति और राज्यपाल के ध्यान में लाकर उनका सकारात्मक समाधान किया जाएगा।

बैठक में विभिन्न आदिवासी समाज प्रमुखों ने मुख्य रूप से पेशा एवं मेशा कानून का पालन कराने, भूराजस्व संहिता की धारा 170 (ख) का उल्लंघन, आदिवासियों को प्राप्त 32 प्रतिशत आरक्षण का पालन नहीं करने, सरकारी नौकरी की पदोन्नति में आरक्षण सुविधा बहाल करने, वन अधिकार पट्टा, फर्जी जाति प्रमाण पत्र से नौकरी हासिल करने वालों पर तत्काल कार्रवाई, आदिवासियों की भूमि के गैर आदिवासियों में गैर कानूनी तरीके से स्थानांतरण, आदिवासी महिलाओं से शादी कर उनके नाम पर संपति एवं चुनाव लड़ना, आदिवासियों के लिए पृथक धर्मकोड, बेकलाड पदों पर भर्ती की कार्रवाई करने की मांग की। इसके अलावा फर्जी जाति प्रमाण पत्र पर हाईकोर्ट में केविएट लगाने, आदिवासियों के स्वरोजगार के लिए बजट बढ़ाने, बस्तर एवं सरगुजा संभाग में स्थानीय भर्ती नियम फिर से लागू करने, हसदेव जंगल की कटाई रोकने, धर्मांतरण रोकने एवं धर्मांतरित लोगों से एसटी का आरक्षण प्रदान नहीं करने, छात्रावास के लिए शिष्यवृत्ति की दर बढ़ाने, आदिवासियों की छात्रवृत्ति के लिए आय की सीमा खत्म करने की मांग की।

#### आज के कार्यक्रम

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्या तीन दिवसीय प्रवास पर बिलासपुर पहुंचे। श्री आर्या का सर्किट हाउस में कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसएसपी रजनेश सिंह ने गुलदस्ता भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। वे 15 सितम्बर को सवेरे 10 बजे सीपत रोड स्थित पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास में आयोजित सिकल सेल एनीमिया जांच शिविर एवं युवा संवाद कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। श्री आर्या दोपहर 12.15 बजे रेलवे जोन से संबंधित अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों से मुलाकात करेंगे। दोपहर 1.30 बजे रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेंगे। वे शाम 4 बजे मंथन सभाकक्ष में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं की समीक्षा करेंगे। इसके बाद शाम साढ़े 5 बजे प्रेस वार्ता को संबोधित करेंगे।

#### अध्यक्ष वंदना ने की सौजन्य भेंट




कलेक्टोरेट मंथन हाल में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, नई दिल्ली के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त अंतर सिंह आर्या से सर्व आदिवासी समाज महिला प्रभाग की अध्यक्ष वंदना उइके ने सौंजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने उनका आत्मीय स्वागत कर जनजातीय विषयों पर विभिन्न मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा।




सर एम विश्वेश्वरैया सिविल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय, डिप्लोमा होल्डर थे उससे आगे उन्होंने पढ़ाई नहीं की क्योंकि हमारे देश में इंजीनियरिंग के बड़े संस्थान नहीं थे, और विदेशों में पढ़ने की आर्थिक क्षमता नहीं थी । लेनिक अपने पेशे में सेंस ऑफ ह्यूमर इतना गजब का था कि वे बड़े-बड़ों को एक ना गिनने देते थे ।
एक वाक्या है कि वे ट्रेन में बैठे सफर कर रहे थे, अचानक खड़े होकर उन्होंने ट्रेन की चैन खीच दी, ट्रेन स्टाफ उनके कोच में आया, पूछताछ की, उनको पकड़कर ले गए। रेलवे के अधिकारियों ने उनसे पूछा कि आपने रेल की चैन क्यों खींची, उन्होंने रेलवे अधिकारियों को बताया कि कुछ दूरी पर ट्रैक टूटा हुआ है आगे गाड़ी न ले जाएं खतरा है, अधिकारी नहीं माने, सर अपनी बात पर अडिग रहे। अधिकारियों ने पूछा आप किस आधार पर यह दावा कर रहे हैं, कि आगे ट्रैक टूटा हुआ है, उन्होंने साउंड एनर्जी में बदलाव को इसका कारण बताया कि ट्रेन की बदली आवाज से यह सब अबजर्व कर
के बता रहें हैं कि सामने ट्रैक टूटा हुआ है। इस आधार पर उन्होंने टूटे हुए ट्रैक की अनुमानित दूरी की गणना करके बता दी थी, अधिकारी वहां पहुंचे तो सर की बात को सत्य पाया। वे भारत रत्न से सम्मानित होने वाले पहले अभियंता है उनको विनम्र श्रद्धा सुमन अर्पित है ।









## खबर संक्षेप

### देर रात नशेड़ी युवकों ने चाकू से किया हमला

**बिलासपुर।** बीती रात पौन बजे युवक अपने घर से बाहर निकला तो नशे में धुत चार युवक खड़े थे। उसने पूछा यहां कैसे खड़े हो तो युवकों ने उनके साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, लालखदान परियापारा निवासी सुनील कुमार जांगड़े पिता मुक्तावन प्रसाद जांगड़े मुंगेली जिला न्यायालय में प्यून हैं। 13 सितंबर को वे मुंगेली से अपने घर लालखदान आए और रात 11 बजे खाना खाकर सो गए। रात पौन बजे वह नींद खुली तो आंगन में गए, उनके घर के पास चार युवक नशे में खड़े हुए थे। उन्होंने पूछा यहां कैसे खड़े हो तो युवकों ने गाली गलौज की। गाली देने से मना किया तो युवकों ने गुण्डागर्दी करते हुए उनके साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। जिससे उनके हाथ में चोट आई है। उनकी आवाज सुनकर पड़ोसी बाहर निकले तो हमलावर युवक भाग निकले। पुलिस ने सुनील कुमार की रिपोर्ट पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 118, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### दो युवकों ने छात्र को स्टिक से पीटा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** पुलिसवाले हमारा कुछ नहीं कर सकते कहकर दो युवकों ने एक अन्य युवक की स्टिक से पिटाई कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ अपराध कायम कर खानापूर्ति कर ली है। पुलिस हमलावर को नहीं पकड़ पाई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मोपका मां शारदा विहार निवासी यशराज सिंह पिता ललित सिंह ने एमबीए की पढ़ाई की है। 13 सितंबर की रात 11 बजे गणेश चौधरी, वसीम खान ने उन्हें मिलने के लिए तारामंडल के पास बुलाया। उनके बीच बातचीत चल रही थी। इसी दौरान रात 12.30 बजे बीच विवाद हो गया। इस पर गणेश चौधरी ने धक्का देकर गिरा दिया। उसके बाद गणेश चौधरी, वसीम खान ने पुलिसवाले हमारा कुछ नहीं कर सकते कहते हुए यशराज के साथ हाथ, पैर व स्टिक से मारपीट की गई। यशराज ने मोबाइल पर मारपीट की जानकारी दोस्त व परिजन को दी। उसके बाद दोस्त व परिजन मौके पर पहुंचे और उसे लेकर सिविल लाइन थाना रिपोर्ट लिखाने आए। पुलिस ने यशराज सिंह की रिपोर्ट पर हमलावर गणेश चौधरी, वसीम खान के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर लिया है। पुलिस हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है।

### आरक्षक एक माह से ड्यूटी से नदारद

**बिलासपुर।** सिविल लाइन थाने का एक आरक्षक बिना सूचना के एक माह से ड्यूटी से नदारद है। उसके नदारत होने की सूचना एसपी आफिस में दे दी गई है। पिछले दिनों कबाड़ी के द्वारा पूर्व सिरगिट्टी टीआई की फार्महाउस में विदाई पार्टी दी गई। उस दौरान आरक्षकों के बीच जमकर विवाद हुआ था। उसके बाद से सिरगिट्टी थाने से विवादित पुलिसकर्मियों को हटा दिया गया था। एक आरक्षक मोरज सिंह का सिविल लाइन तबादला किया गया था। आरक्षक ने कुछ दिन सिविल लाइन में ड्यूटी की। उसके बाद पिछले एक माह से बिना सूचना के ड्यूटी में थाने नहीं आ रहा है। थाने से आरक्षक के ड्यूटी से नदारद रहने की सूचना एसपी आफिस में भेज दी गई है। वर्तमान में भी आरक्षक ड्यूटी में नहीं आ रहा है। ज्ञात हो कि सिविल लाइन थाने से दो पुलिसकर्मियों को तबादला हो गया है। लंबे समय बाद भी पुलिसकर्मियों को रिलीव नहीं किया जा रहा है।

---

**सिर्फ राजकिशोर नगर और लोरमी ब्रांच खुली, बाकी सब हो गई बंद** | **डेटा अधूरा होने के कारण कई निवेशकों को नहीं मिल पा रही राशि**

# सहारा इंडिया में 100 करोड़ से अधिक फंसे, जिले के 8 में से 6 आफिसों में लगा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में सहारा इंडिया में निवेश करने वाले फंसे लोगों को राहत तो मिल रही है, लेकिन स्थिति काफी धीमी है। रिफंड पोर्टल के माध्यम से निवेशकों को उनकी जमा राशि वापस मिल रही है, लेकिन रिफंड की राशि, डूबी हुई राशि से काफी कम है।

■ प्रदेश में 122 कार्यालयों में से 36 ही खुले, बाकी बंद

बिलासपुर की ही बात करें तो अभी तक 10 हजार लोगों को करीब 12 करोड़ की राशि मिली जरूर है, लेकिन फंसी राशि सैकड़ों करोड़ में है। दूसरी ओर बिलासपुर में सहारा के 8 में से 6 आफिस बंद हो गए हैं। सिर्फ राजकिशोर नगर और लोरमी ब्रांच खुले हैं। जबकि नेहरू नगर, शिव टाकीज, लालखदान, चकरभाठा, कोटा और मुंगेली आफिस बंद हो गए हैं। इसमें से अधिकांश लोगों ने फ्रेंचाइजी ले रखी थी। इसी तरह प्रदेश मेंकुल 122 आफिस थे जिसमें से 36 बड़ी मुश्किल से चल रहे हैं, तो बाकी 86 आफिसों में ताला लग गया है।

ध्यान रहे कि राज्य में लगभग 25 लाख परिवारों की 15 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि सहारा इंडिया में अभी भी फंसी हुई है जबकि रिफंड इससे कम है। दरअसल सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से मुख्य रूप से एक हजार से 50 हजार रुपए तक निवेश करने वाले छोटे निवेशकों को ही रिफंड दिया जा रहा है। सहारा पीड़ित जमाकर्ता-कार्यकर्ता कल्याण संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि सहारा सोसाइटी द्वारा सीआरसीएस को दिया गया डेटा अधूरा होने के कारण कई निवेशकों को उनके जमा पैसे नहीं मिल पा रहे हैं।

### इन निवेशकों के लिए कोई विकल्प नहीं

निवेशकों के साथ ही सहारा इंडिया के एजेंटों के मुताबिक सेंट्रल रजिस्ट्रार के पोर्टल से किए जा रहे आवेदनों में कई समस्याएं हैं। सिर्फ सहारा सोसायटी के निवेशकों को ही आवेदन करने की अनुमति है। कई निवेशकों को आवेदन करने की अनुमति नहीं मिल रही है। विशेषकर जिन लोगों ने सहारा क्यू शॉप या सहारा कमर्शियल में पैसा जमा किया था वे आवेदन तक नहीं कर पा रहें हैं। इसके अलावा, जिन निवेशकों की मृत्यु हो चुकी है, उनके नॉमिनीज यानी उत्तराधिकारियों को भी पैसा नहीं मिल रहा है। दरअसल, ऑनलाइन पोर्टल में इसके लिए कोई विकल्प ही नहीं है। एक बड़ी समस्या यह भी है कि अधिकांश निवेशकों के बांड पेपर में सहारा के क्षेत्रीय कार्यालयों की सील नहीं हैं, जिसके कारण आवेदन खारिज हो जा रहे हैं। कुछ निवेशकों और एजेंटों की यह भी शिकायत है कि सहारा रिफंड पोर्टल में हाल-फिलहाल में जितने भी आवेदन किए जा रहे हैं उन्हें कोई न कोई दस्तावेज की कमी बताकर उसे निरस्त किया जा रहा है।

### 10 हजार निवेशकों को 12 करोड़ मिला

सहारा के अधिकारियों के मुताबिक दुर्ग जिले के निवेशकों को सबसे ज्यादा लगभग सात करोड़ रुपए का रिफंड मिला है। हालांकि, अन्य जिलों जैसे बिलासपुर, गरियाबंद, रायपुर, मुंगेली, भाटापारा-बलौदाबाजार, रायगढ़, महासमुंद, धमतरी, जांजगीर-चांपा, अंबिकापुर, राजनांदगांव, कवर्धा में भी 50 लाख रुपए से लेकर पांच करोड़ रुपए तक की राशि वापस लौटाई गई है। बिलासपुर में 10 हजार निवेशकों को 12 करोड़ की राशि लौटाए जाने की बात अधिकारी कर रहे हैं।

### जहां आफिस बंद वहां अधिक परेशानी

गौरतलब है कि प्रदेशभर में सहारा इंडिया के 122 कार्यालय थे। हर जिले में दो या उससे अधिक कार्यालय खुले हुए थे, लेकिन वर्तमान में केवल 36 कार्यालय ही खुले हुए हैं जबकि 86 बंद हो गए हैं। इनमें से अधिकांश लोगों ने सहारा इंडिया से फ्रेंचाइजी ले रखी थी। जब तक काम ठीक चला और मुनाफा होता रहा कर्मचारियों ने आफिस खोला लेकिन जैसे ही कंपनी पर संकट के बादल मंडराए यह सभी फ्रेंचाइजी आफिस बंद कर दिए गए। अब जिन जिलों में कार्यालय नहीं खुले हैं, वहां के निवेशकों को ऑनलाइन आवेदन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### निवेशकों को दी जा रही है राशि

सहारा इंडिया की ओर से सकारात्मक कदम उठाया जा रहा है। कंपनी की ओर से लगातार निवेशकों की राशि उनके अकाउंट में भेजी जा रही है। शुरुआत में केवल 10 हजार रुपए तक की राशि दी जा रही थी, लेकिन अब 5 लाख तक लौटाए जा रहे हैं, जो आफिस बंद हुए हैं, वे फ्रेंचाइजी थे।

**- राजेश कुमार सिंह, मैनेजर, सहारा इंडिया**

---

पशुपालन विभाग के कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र कोनी का हाल

# 45 साल पुराने केज हो गए जर्जर बस अब धरती में समाना बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



पशुपालन विभाग के कोनी स्थित कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में मुर्गियों के लिए बनाया गया केज।

पशुपालन विभाग के कोनी स्थित कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में मुर्गियों के लिए 1980 में केज बनाए गए थे। आज 45 साल बाद भी मुर्गियों को इन्हीं केज में रखा जा रहा है।

■ झांकने तक नहीं जा रहे जिम्मेदार अधिकारी

हालत यह है कि सुधार व नए निर्माण के अभाव में सारे केज लगभग ज़मींदोज़ हो चुके हैं। मुर्गियों की अच्छी नस्ल तैयार तैयार करने के उद्देश्य से स्थापित किए गए इस प्रक्षेत्र का खुद का अस्तित्व खतरे में नजर आ रहा है।

मुर्गियों, बतख व बटेर की अच्छी नस्ल तैयार करने के उद्देश्य से कोनी में स्थापित किया गया शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र को मुर्गियों के पहले स्वयं की स्थिति सुधारने की जरूरत है। प्रक्षेत्र में 46 सौ की संख्या में मुर्गियों, 5 सौ की संख्या में बटेर व 4 सौ की संख्या में बतख रखने का रेश्यो निर्धारित किया गया है। इससे अधिक संख्या होने पर इनकी बिक्री कर दी जाती है।

प्रक्षेत्र की स्थापना का उद्देश्य विक्रय का न होकर नस्ल सुधार का है, लेकिन निर्धारित रेश्यो से अधिक संख्या होने पर बिक्री कर दी जाती है। कुक्कुट पालन के लिए प्रक्षेत्र में बारह केज बनाए गए हैं, जिनमें तीन पूरी तरह ध्वस्त हैं, जिससे नौ केज में पालन किया जा रहा है। इन नौ केज में भी ज्यादातर की स्थापना 1980 में की गई थी, जिससे केज जमीन में धंसने लगे हैं। दिक्कत यह है कि इस संबंध में लगातार लिखापढ़ी के बाद भी उच्चाधिकारी मौन हैं।

### केज में ऊपर छत से पानी, नीचे नाली से भी पानी



कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र परिसर की औसत ऊंचाई की तुलना में मुर्गियों के केज जमीन में काफी नीचे तक धंस गए हैं। ऐसी स्थिति में बारिश के चार महीनों में केज के चारों ओर बनी नालियों में पानी भर जाता है, जो रिसकर केज में प्रवेश करता है। इसी तरह सुधार के अभाव में बारिश होने पर छतों से भी पानी टपकता है जो सीधे मुर्गे-मुर्गियों पर गिरता है।

### अधूरा निर्माण कर भागा ठेकेदार

प्रक्षेत्र में दो केज के सुधार के लिए शासन से राशि प्राप्त हुई थी, जिसके लिए पीडब्ल्यूडी को जिम्मेंदारी दी गई थी। पीडब्ल्यूडी द्वारा एक केज के लिए टेंडर जारी करके एक ठेकेदार के माध्यम से कार्य प्रारंभ करवाया गया, लेकिन 70 प्रतिशत कार्य करके ठेकेदार ही भाग खड़ा हुआ। इधर दूसरे केज में सुधार के लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा आज दिनांक तक टेंडर जारी ही नहीं किया जा सका है।

### प्रबंधक खुद अभाव में

परिसर में प्रबंधक व स्टाफ के लिए बनाए गए कार्यालय भवन में भी बारिश का पानी टपक रहा है। इस भवन का निर्माण भी करीब चालीस साल पूर्व किया गया था, लेकिन आज दिनांक तक सुधार नहीं होने के कारण स्थिति दयनीय है। बारिश के दिनों में प्रबंधक कक्ष में छत से पानी टपकता है, जिसकी रोकथाम के लिए छत पर पॉलीथीन लगाया गया है।

### सुधारने के प्रयास जारी हैं

सारे केज पुराने हैं। सुधार या नए निर्माण के लिए लगातार उच्चाधिकारियों को पत्र भेजे गए हैं, लेकिन हालत वही है। प्रक्षेत्र का उद्देश्य मुर्गियों की अच्छी नस्ल तैयार करने का है, लेकिन सारे केज की हालत बेहद खराब है। प्रयास जारी हैं और सफलता मिल भी रही है। ज्यादातर केज लगभग जमीन में आधे धंस चुके हैं, केज में ताजी हवा का अभाव है। मुर्गियों, मुर्गे, बतख व बटेर की ग्रोथ निश्चित रूप से प्रभावित हो रही है।

**-डॉ.संजय कुमार राज**, प्रबंधक, कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र

---

सहेली व उसकी मां ने पैसा कमाने का दिया लालच



आरोपी की निकाली गई बारात।

# नाबालिग को वेश्यावृत्ति में धकेला, 5 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सहेली व उसकी मां ने पैसा कमाने का लालच लेकर एक नाबालिग को पहले नशा करना सिखाया फिर वेश्यावृत्ति के दलदल में धकेल दिया। इस दौरान नाबालिग का कई लोगों के साथ पैसा लेकर संबंध बनवाया गया है। पुलिस ने सहेली उसकी मां सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

सरकण्डा टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया, क्षेत्र में रहने वाले पति-पत्नी रोजी मजदूरी करते हैं। तीन माह पहले क्षेत्र की रहने वाली एक 15 वर्षीय नाबालिग घर छोड़कर भाग गई। उसके माता पिता उसकी पतासाजी में कर रहे थे। नहीं मिलने पर एक माह पहले मां ने नाबालिग बेटी के लापता होने की रिपोर्ट सरकण्डा थाने में लिखाई। उसने यह भी बताया कि उसकी शहर में घूमती दिखी है, किन्तु वह घर नहीं आती है। पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए अपराध दर्ज कर नाबालिग के पतासाजी में जुट गई। दो दिन पूर्व पुलिस को सूचना मिली कि लापता नाबालिग शहर में घूम रही है। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए दबिश देकर नाबालिग को बरामद कर लिया।

### ऐसे हुआ भंडाफोड़

पुलिस ने नाबालिग से पूछताछ की तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आई। उसने बताया, उसकी नाबालिग सहेली ने उसे बताया, उसकी मां उससे वेश्यावृत्ति कराती है और अच्छा पैसा मिलता है। घर की आर्थिक स्थिति को देखते हुए पैसे के लालच में आकर नाबालिग उसके साथ उसके घर चली गई। उसकी मां ने नाबालिग को अपने घर में रख लिया और पैसा कमाने का लालच लेने लगी। पहले उसने नाबालिग को शराब पीना सिखाया, उसके बाद नाबालिग को एक दलाल के साथ वेश्यावृत्ति करने के लिए भेजने लगी। इस दौरान दलाल ने तालापारा के दो लड़कियों के माध्यम से ग्राहक खोजकर नाबालिग को कई बार वेश्यावृत्ति करने के लिए भेजा। यहां तक नाबालिग को वेश्यावृत्ति के लिए रायगढ़ सहित अन्य शहरों में भी ले जाकर शारीरिक संबंध बनवाया गया है। पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

### पकड़े गए आरोपी

- विकास उर्फ विक्की भोजवानी पिता स्व. चंद्रप्रकाश भोजवानी 40 साल मसानगंज
- कालिका तिवारी पति संतोष तिवारी 32 साल श्यामनगर लिंगियाडीह
- तीन नाबालिग

---

# आवास मित्रों को नहीं मिली प्रोत्साहन राशि

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजनान्तर्गत काम करने वाले आवास मित्रों को पिछले कई महिनों से प्रोत्साहन राशि नहीं मिली है। वहीं आवास मित्रों ने रिक्त पंचायतों में उनकी जगह पर रोजगार सहायकों को प्रभार देने का विरोध कर रहे हैं। इन आवास मित्रों को प्रति आवास एक-एक हजार रुपए प्रोत्साहन राशि मिलना है।

■ प्रति आवास मिलना है एक-एक हजार रुपए

जिला पंचायत द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना तहत आवास मित्रों की भर्ती की गई है। अलग-अलग जनपद पंचायतों में कार्यरत आवास मित्रों द्वारा आवास निर्माण की मानिटरिंग की जा रही है। इन आवास मित्रों को काम करते हुए 8-9 महिना हो गया है। इन आवास मित्रों को 12 महिनें के भीतर प्रोत्साहन मिलना है, जिसमें 300 रुपए ले-आउट व 300 रुपए छत ढलाई और 400 रुपए रंगाई-पोताई होने पर दिया जाना है। इस तरह से उन्हें प्रति आवास एक हजार रुपए प्रोत्साहन राशि मिलना है। इन आवास मित्रों के अनुसार लगभग 50-60 प्रतिशत आवास का कार्य पूर्ण हो चुका है, उसके बाद भी आवास मित्रों को उनकी प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया गया है। बीच में कुछ राशि आवास मित्रों को दी गई थी उसमें भी काफी अंतर है। पिछले दिनों आवास मित्रों ने जिला पंचायत और कलेक्टोरेट पहुंचकर अपनी प्रोत्साहन राशि की मांग की थी। जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के मुताबिक एक माह पहले आवास मित्रों को 20 लाख राशि जारी किया गया था। इसके अलावा और फंड की मांग शासन से की गई है।

### जिले में साढ़े तीन सौ आवास मित्रों की भर्ती

जिले में करीब साढ़े तीन सौ आवास मित्रों की भर्ती प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना तहत की गई है। आवास मित्रों की भर्ती करीब पांच साल बाद जिला पंचायत द्वारा की गई है। क्योंकि पूर्व में जो आवास मित्र बनाए गए थे उन सभी को पांच साल पहले ही निकाल दिया गया था। जिला पंचायत द्वारा आवास मित्रों के चयन के बाद जिला अंतर्गत बिल्हा, कोटा, तखतपुर, मस्तूरी चारों जनपद पंचायतों के ग्राम पंचायतों में पदस्थ किया गया है। इनका काम प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के हितग्राही ग्रामीणों की आवास निर्माण में मदद करने के साथ कार्य की मानिटरिंग करना और निर्माण के बाद जिया टेग करना है।

# बछड़े को मारकर मांस निकाल रहे युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा

**बिलासपुर।** सड़क किनारे बछड़े को मारकर मांस निकाल रहे युवक को ग्रामीणों ने देख लिया। उन्हें देखकर युवक भागने लगा। ग्रामीणों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

हिर्री पुलिस के अनुसार, मेड़पार निवासी मनोज निषाद पिता छेद कुमार निषाद 22 साल ने रिपोर्ट लिखाई। वह ग्राम मुरू में मोबाइल रिपेयरिंग का काम करते हैं। 13 सितंबर को दोपहर 12 बजे वे अपने दोस्त दिलेश्वर यादव के साथ छोटे मेड़पार से चकरभाठा मोबाइल का सामान खरीदने जा रहे थे। मुलकहा मंदिर के पास एक युवक झाड़ी किनारे बछड़े को धारदार हथियार से काटकर मांस निकाल रहा था। दोनों को देखकर युवक भागने लगा। दोनों ने पीछा कर युवक को पकड़ लिया। पूछने पर उसने अपना नाम विदेश मेहर ग्राम धौंराभाठा निवासी बताया। दोनों दोस्तों ने घटना की सूचना गौ सेवकों को दी। गौ सेवक मौके पर पहुंचकर युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मनोज निषाद की रिपोर्ट पर छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 10, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

# इतवारी-शालीमार दुर्गा पूजा स्पेशल चलेगी 27 से

**बिलासपुर।** इतवारी से शालीमार के बीच दुर्गा पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन 27 सितम्बर से किया जाएगा। इसके अलावा इस ट्रेन का दुर्ग, रायपुर, भाटापारा एवं बिलासपुर स्टेशन में आने-जाने की समय सारिणी में भी रेलवे ने आंशिक परिवर्तन करने नोटिफिकेश जारी किया है।

जानकारी के अनुसार रेलवे दुर्गा पूजा के दौरान यात्रियो की बेहतर यात्रा सुविधा हेतु नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एवं शालीमार के मध्य दुर्गा पूजा स्पेशल गाड़ी का परिचालन 5 फेरों के लिए करने जा रही है। गाड़ी संख्या 08865 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-शालीमार पूजा स्पेशल ट्रेन नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से 27 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक तथा गाड़ी संख्या 08866 शालीमार-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी पूजा स्पेशल ट्रेन शालीमार से 28 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाने की घोषणा की गई थी। इसके अलावा नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से चलने वाली 08865 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-शालीमार पूजा स्पेशल ट्रेन का दुर्ग, रायपुर, भाटापारा एवं बिलासपुर स्टेशनों की समय सारणी आंशिक परिवर्तन किया गया है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# रेलवे का लोहा और खड़ी मालगाड़ी से कोयला चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रेलवे का लोहा और खड़ी मालगाड़ी से कोयला चोरी के मामले में बिलासपुर रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ ने आरोपियों कें खिलाफ आरपीयूपी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश कर दिया है।

आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात उपनिरीक्षक, आरक्षक बैद्यनाथ पेट्रोलिंग कर रहे थे। इस दौरान बिलासपुर स्टेशन के दक्षिण यार्ड के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध हालत में देखकर पूछताछ की गई। पूछताछ करने पर तोरवा लालखदान निवासी सुधीर पासी पिता स्व. चिरंजीलाल 45 साल के पास रखी बोरी में कोयला निकला। आरपीएफ ने आरोपी के पास से 25 किलो कोयला जब्त करते हुए कार्रवाई की है। इसी तरह रात में मुखबिर की सूचना मिलने के बाद आरपीएफ के उपनिरीक्षक एसबी सिंह, आरपी द्विवेदी, आरक्षक गजेन्द्र सिंह ने जयरामनगर चौक धनराज ढाबा के बगल में स्थित कबाड़ी दुकान में छापामार कार्रवाई की। पूछताछ में कबाड़ी ने बताया कि दुकान उसके भाई भोजराम सोनी की है। आरपीएफ ने आरोपी मस्तूरी खोरसी निवासी सत्यनारायण सोनी पिता समारोहराम सोनी को न्यायालय में पेश किया है।


स्वामी जी 93406-38884
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक: 03 अक्टूबर 2025, 09 नवंबर 2025, 18 दिसंबर 2025, 15 जनवरी 2026
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/- ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)


online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025, 22 जनवरी से 28 जनवरी 2026 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

## खबर संक्षेप

### श्रमिक सम्मेलन के साथ लगा श्रमवीर स्वास्थ्य शिविर



**मुंगेली।** रजत जयंती 2025 के उपलक्ष्य में श्रम विभाग की ओर से ग्राम पंचायत भटगांव में श्रमिक सम्मेलन सह श्रमवीर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 132 हितग्राहियों का पंजीयन और 9 हितग्राहियों का नवीनीकरण किया गया। साथ ही 32 हितग्राही पंजीकृत हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से मिलने वाले लाभ के संबंध में जानकारी देते हुए लाभ उठाने प्रेरित किया गया। श्रम पदाधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि, शिविर में श्रमेव जयते एप के माध्यम से स्वयं पंजीयन, नवीनीकरण एवं योजना के लिए आवेदन करने की जानकारी दी गई। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा श्रमवीरों का निशुल्क स्वास्थ्य जांच भी की गई। उन्होंने बताया कि 13 सितम्बर को लोरमी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत झझपुरीकला, 15 सितम्बर को नगर पंचायत बरेला, 16 सितम्बर को पंडरभट्ठा और 19 सितम्बर को मेसर्स कुसुम स्मेल्टर्स में श्रमिक सम्मेलन सह श्रमवीर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### शहाबुद्दीन बने जामा मस्जिद के मुतवल्ली, 5 मतों दर्ज की जीत



**पेंड्रा।** जामा मस्जिद पेंड्रा के मुतवल्ली चुनाव में कड़े मुकाबले के बीच हाजी मौलाना मोहम्मद शहाबुद्दीन ने जीत दर्ज की। चुनाव में कुल 543 मतदाताओं में से 453 ने मतदान किया, जिसमें मोहम्मद शहाबुद्दीन को 229 और मोहम्मद सादिक खान को 224 मत मिले। इस तरह शहाबुद्दीन महज 5 मतों से विजयी हुए। चुनीव परिणाम घोषित होते ही मौलाना मोहम्मद शहाबुद्दीन के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने मोहम्मद शहाबुद्दीन का फूल-मालाओ के साथ आतिशी स्वागत किया और मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया। मौलाना मोहम्मद शहाबुद्दीन ने जीत का श्रेय पेंड्रा की पूरी आवाम और समर्थकों को दिया है। शहाबुद्दीन दी जीत पर जश्न मनाने वालों में हाजी इदरीश मंसूरी, हाजी अब्दुल अलीम, हाजी केके अहमद, हाजी इकबाल मंसूरी, हाफिज फजलुर्रहमान, हाजी सलीम सिद्दीकी, यूनुस कुरैशी, पार्षद शाहिद राईन, पूर्व पार्षद अंसार जुंजनी, तावीज खान, अब्दुल हबीब, शहबान खान, अशफाक मंसूरी, फरहान कुरैशी आदि शामिल रहे।

### अग्रसेन जयंती समिति का रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर



**पेंड्रा।** सेवा की भावना को प्रोत्साहित करने और अग्रसेन महाराज के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से अग्रसेन जयंती समारोह समिति पेंड्रा के तत्वावधान में रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं और समाज सेवियों ने हिस्सा लिया। स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने निशुल्क जांच कर लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। रक्तदान शिविर में राकेश जलान ने कहा कि, रक्तदान महादान है। समय-समय पर रक्तदान करना मानवता की सच्ची सेवा है। इस मौके पर अग्रसेन जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष शारदा चरण पसारी, ओमप्रकाश बंका, बाबी महलवाला, दीपक गोयल, सुमित जालान, शुभम अग्रवाल समेत कई बड़ी संख्या में नागरिक एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

### 35 पाव देसी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**लोरमी।** ग्राम डूमरहा में आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए 35 नग 6.3 बल्क लीटर अवैध देशी शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को मुखबिर की सूचना पर आबकारी उपनिरीक्षक अमित शाह ने अपनी टीम के साथ ग्राम डूमरहा में राजेश कुमार बंजारे के मकान में दबिश देकर 35 पाव कुल 6.3 बल्क लीटर देसी प्लेन शराब जब्त कर ली। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59(क) के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।



### सीएसआर कॉलेज में एलुमनी मीट




**करगीरोड कोटा।** सीएसआर कालेज पीपरतराई में एलुमनी मीट का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर जूही चौहान ने स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की एवं भूतपूर्व छात्र-छात्राओं के साथ मुलाकात कर अनुभव साझा किया। साथ ही भूतपूर्व छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय की प्राचार्य के साथ राज्य के विकास और उन्नति के विभिन्न विषयों पर चर्चा की। प्राचार्य ने सभी को महाविद्यालयीन गतिविधियों में योगदान देने तथा एक अच्छे समाज निर्माण के लिए कार्य करने हेतु निर्देशित किया।

### उपकोषालय की मांग को लेकर डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन

# उपकोषालय की कमी के कारण क्षेत्र के लोगों को हो रही असुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

लोरमी में उपकोषालय नहीं होने के कारण क्षेत्र के रहवासियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। न्यायालयीन के कार्यो में भी टिकट की पूर्ति मुंगेली जिला कोषालय से होने के कारण अधिक समय लगता है।

उपकोषालय खोले जाने को लेकर अधिवक्ता विगत सात वर्षों से संघर्षरत है। इसी क्रम में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय त्रिपाठी ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव को ज्ञापन देकर नगर में उपकोषालय सब ट्रेजरी ऑफिस खोलने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि, अनुसूचित जाति जनजाति एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग बाहुल्य क्षेत्र लोरमी में सन 1982 में तहसील कार्यालय की स्थापना हुई एवं 1984 में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व न्यायालय की स्थापना की गई। उसके 25 वर्ष के लंबे अंतराल के बाद लोरमी में व्यवहार न्यायालय की स्थापना की गई।



डिप्टी सीएम को ज्ञापन सौंपते नागरिक।

**7 साल पहले मिली थी स्वीकृतिः** ज्ञात हो कि, यह मांग विगत 7 साल से अधूरी है, जबकि उक्त कार्यालय खोलने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री ने स्वीकृति दी थी। साथ ही इस संबंध में शासन से तत्कालीन कलेक्टर को पत्राचार किया गया था। कलेक्टर ने जिला कोषालय अधिकारी को उक्त मांग के संबंध में आदेश जारी किया उसके बाद से इस मांग की फाइल धूल खा रही है। अब इस मांग को लेकर अधिवक्ता संघ ने फिर से शासन का ध्यान आकृष्ट कराया है।

**पुराने बीईओ ऑफिस का हुआ था चयनः** पुराने बीईओ ऑफिस भवन को उपकोषालय के लिए चिन्हांकित कर नगर में उपकोषालय खोले जाने के संबंध में औपचारिक तैयारी भी की गई थी। अधिवक्ता संघ ने प्रशासन से अनुमति लेने के बाद बताया था कि, पुराना प्राथमिक शाला भवन जिसमे बीईओ कार्यालय संचालित था, जो खाली हो चुका है एवं उसमें उपकोषालय कार्यालय खोला जा सकता है। उक्त भवन थाने से लगा हुआ है, इसलिए सुरक्षित भी रहेगा, लेकिन यह मांग अब तक धरी की धरी रह गई।

#### प्रशासनिक पत्राचार में उलझी मांग

अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजय त्रिपाठी ने बताया कि, 2018 में विकास यात्रा के दौरान प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह एवं अन्य मंत्रियों एवं मुंगेली कलेक्टर को उपकोषालय खोले जाने के संबंध में ज्ञापन दिया गया था। ज्ञापन सौंपे जाने के बाद इस मांग को शासन ने संज्ञान में लिया और मुख्यमंत्री सचिवालय ने 5 मार्च 2019 को छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव को उक्त मांग के संबंध में कार्य करने के लिए पत्राचार किया। उसके बाद कलेक्टर ने जिला कोषालय अधिकारी को पत्राचार कर अभिमत मांगा था, लेकिन जिला कोषालय अधिकारी ने शुरू में अभिमत नहीं दिया। दोबारा शासकीय पत्राचार के बाद जिला कोषालय अधिकारी ने कलेक्टर को लिखित में बताया कि, उपकोषालय खोले जाने के संबंध में शासन से कोई निर्देश नहीं आया है। तब से लोरमी की यह प्रमुख मांग फाइलों में दम तोड़ रही है। अब इसको लेकर अधिवक्ता संघ ने डिप्टी सीएम अरुण साव को फिर से मांगपत्र सौंपा है।

## युक्तियुक्तकरण से वनांचल स्कूलों में सुधरा शिक्षा का स्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

युक्तियुक्तकरण के तहत जिले में जिन विद्यालयों में शिक्षक नहीं थे, वहां अब विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार शिक्षकों की पदस्थापना की गई है, जिससे स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ी है।

कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में 95 एकल शिक्षकीय शालाओं में 129 अतिरिक्त शिक्षकों को पदस्थ किया गया है, इससे स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आया है। इसी तरह अचानकमार टाइगर रिजर्व क्षेत्र के 31 विद्यालयों में 46 शिक्षकों की पदस्थापना की गई है, जिससे अब उन क्षेत्रें के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सुविधा मिल रही है। युक्तियुक्तकरण के इस प्रभावशाली क्रियान्वयन से जिले के दूरस्थ और पिछड़े इलाकों के बच्चों को अब अपने गांव में ही बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो रही है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि युक्तियुक्तकरण के तहत 5 शिक्षकविहीन प्राथमिक स्कूलों में 13 शिक्षक पदस्थ किए गए हैं, जिसमें प्राथमिक शाला घुठेली में 4 शिक्षक, प्राथमिक शाला बासीन में 2 शिक्षक, प्राथमिक शाला पकरिया में 3 शिक्षक प्राथमिक शाला दानवखार में 2 शिक्षक और प्राथमिक शाला रंजकी में 2 शिक्षक का पदांकन किया गया। वहीं 3 उच्च स्तर की शालाओं में 9 शिक्षक पदस्थ किए गए हैं, जिसमें पूर्व माध्यमिक शाला अचानकमार, हाईस्कूल मुंडादेवरी व हाईस्कूल पथरगढ़ी में 3-3 शिक्षक पदस्थ किए गए हैं। इससे स्कूलों में विषय के अनुसार शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। गौरतलब है कि, बच्चों के बेहतर भविष्य की संकल्पना के साथ शिक्षकविहीन एवं एकल शिक्षकीय स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया की गई थी, जिसका सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रहा है। युक्तियुक्तकरण के माध्यम से बच्चों को न केवल विषय विशेषज्ञ शिक्षक मिले, बल्कि उनकी बोध क्षमता एवं संज्ञानात्मक कौशल में सकारात्मक बदलाव आया है।




कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

## केशरवानी कॉलेज में मना रजत जयंती समारोह

**करगीरोड कोटा।** केशरवानी महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विकसित छत्तीसगढ़ विषय पर परिचर्चा की गई। महाविद्यालय की संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ नाज बेंजामिन ने विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ के निर्माण एवं उपलब्धियों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में गुरुकुल आईसीएस बिलासपुर के संचालक ब्रजेन्द्र शुक्ला उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ की गौरवशाली संस्कृति, परंपरा, इतिहास, संसाधन एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने 2047 तक छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में विकास के नए आयामों एवं संभावनाओं की जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नरेंद्र गोस्वामी ने युवाओं से चुनौतियों को दूर कर छत्तीसगढ़ के विकास के लिए समर्पित रहने की बात कही। कार्यक्रम की संयोजक डॉ नीलम त्रिवेदी ने छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन डॉ शांतनु घोष एवं आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी शितेष जैन ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के सदस्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों सहित प्राध्यापक एवं कर्मचारियों की सक्रिय भूमिका रही।



गठन के दौरान उपस्थित एबीवीपी के कार्यकर्ता।

## एबीवीपी पथरिया की कार्यकारिणी का गठन, सत्येंद्र बने अध्यक्ष

**पथरिया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई पथरिया के नगर कार्यकारिणी की घोषणा रविवार को हुई, जिसमें नगर अध्यक्ष के रूप में सत्येंद्र गुप्ता एवं नगर मंत्री के रूप में यशराज राय को नियुक्त किया गया। पथरिया महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों की उपस्थिति में कार्यकारिणी की घोषणा हुई। बिलासपुर के पूर्व विभाग संयोजक को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया, जिन्होंने नगर अध्यक्ष और नगर मंत्री की घोषणा की। उनके साथ मुंगेली जिला संगठन मंत्री यमन दास एवं संयोजक अतुल साहू मौजूद रहे। मंच का संचालन राजकुमारी विश्वकर्मा ने किया गया। नगर सह मंत्री के रूप में श्रेयांश यादव, मुकुल पाटकर, लिशा साहू, सकीना रात्रे, नगर कार्यालय मंत्री के रूप में विशाल पाली, नगर कोषाध्यक्ष मनीष कुमार, एसएपडी प्रमुख करन कुर्रे, अंशु वर्मा, आरकेएम अभय घृतलहरे, मीनाक्षी जायसवाल, क्रीड़ा प्रमुख विकास साहू, अभय मानिकपुरी, नगर सोशल मीडिया गौरव तिवारी, एनएसएस प्रमुख गोपी किशन राजपूत, महाविद्यालय प्रमुख हरीश निर्मलकर, गोविंद टंडन नगर, जितेस वर्मा, विद्यालय प्रमुख पायल पटेल एवं नगर छात्रा प्रमुख की जिम्मेदारी माला घृतलहरे, मंजू साहू को दी गई। साथ ही नगर कार्यकरणी सदस्य के रूप मेंलव जायसवाल, राजू यादव को चुना गया। उक्त कार्यक्रम में खंड कार्यवाह अजय याद्व, प्रवीण वर्मा, नीलेश कर्माकर, अजय निर्मलकर अन्य सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## नेशनल लोक अदालत में 1138 प्रकरणों का निराकरण

**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिराजुद्दीन कुरैशी के मार्गदर्शन में शनिवार को पेंड्रा रोड व्यवहार न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान लंबित पड़े कई प्रकरणों का निराकरण किया गया।

नेशनल लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों द्वारा पक्षकारों का आपसी सहमति से समझौता कराते हुए मामलों का निराकरण किया गया। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश ज्योति अग्रवाल की न्यायालय में हिंदू विवाह अधिनियम अंतर्गत विवाह विच्छेद का 1 प्रकरण सुलझाया गया। इसी न्यायालय में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के 4 प्रकरण, निष्पादन एवं एमजेसी सिविल के 11 प्रकरण और क्रिमिनल के 12 प्रकरण निपटाए गए। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महेश बाबू साहू के न्यायालय से सिविल के 4 प्रकरण, धारा 125 दं.प्र.सं. के 1 प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधिनियम के 2 प्रकरण, ट्रैफिक चालान के 362 प्रकरण, आबकारी अधिनियम के 21 प्रकरण, एमवी एक्ट के 392 प्रकरण और जुआ एक्ट के 2 प्रकरण सहित कुल 447 मामलों का निराकरण हुआ। इसके अलावा 415 समरी केस का भी निपटारा हुआ। न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कुमारी सीमा जगदल्ला के न्यायालय से धारा 125 दंप्रसं के 2 प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधिनियम के 1 प्रकरण, ट्रैफिक चालान के 207 प्रकरण और क्रिमिनल के 17 प्रकरण सहित कुल 227 मामलों का निराकरण किया गया। इस तरह चारों न्यायालयों में कुल 1 हजार 138 प्रकरणों का निराकरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान न्यायाधीश एवं अधिवक्ताओं ने पक्षकारों को नालसा (जागृति) स्कीम के अंतर्गत विधिक जागरूकता प्रदान की। साथ ही, जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से न्यायालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें जरूरतमंद लोगों को सहायता एवं सुविधा प्रदान की गई।




शिविर में रक्तदान करते लोग।

## अघोषित बिजली कटौती से परेशान क्षेत्र के किसान



**मुंगेली।** ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में इन दिनों बिजली की अघोषित कटौती, लो वोल्टेज की समस्या से आम नागरिको को अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। धान की फसल तैयार होने में अंतिम चरण में चल रहा है, जहां पानी की आवश्यकता अधिक है। बिजली की सख्त आवश्यकता के बाद भी लो वोल्टेज, अघोषित कटौती एवं ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से स्थिति बद से बदतर होते जा रही है। नागरिकों ने समस्याओं की निदान के लिए जिले के संबंधित अधिकारियों से अनेक बार फोन के माध्यम से संपर्क किया, लेकिन आज तक कोई सार्थक पहल नहीं की गई। इसके चलते ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। हालांकि इस सबंध में बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी स्पष्ट रूप से कुछ कहने से बचते हुए नजर आ रहे हैं, किन्तु विभाग की गैर जिम्मेदाराना रवैया और कार्यशैली पर भी एक बड़ा सवालिया निशान खड़ा हो रहा है। दिन में कई घंटे अघोषित बिजली कटौती के हालात शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में बना हुआ है। ग्राम फास्टरपुर, सेतगंगा, पौनी, चमारी के वीरान गांव ढकेलकापा, जिले के सीमांत क्षेत्र लुकउकापा सहित शहरी क्षेत्रों में भी लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। बिजली कटौती के कारण पेयजल के लिए गंभीर समस्या उपन्न होती जा रही है। बनती जा रही है। क्षेत्र के भूपेंद्र सिंह, पीके गुप्ता सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि, धान की फसल पकने के समय पानी नहीं मिलने से किसान परेशान हैं। इस संबंध में कई बार बिजली विभाग को जानकारी देने के बाद भी ध्यान नहीं दिया जाता है। रात हो या दिन हो किसी भी समय बिजली गुल हो जाती है, क्षेत्र में कब बिजली आएगी और कब कटेगी इसकी कोई समय सारणी नहीं है।

## मिश्र साइंस कॉलेज में जिला स्तरीय संगोष्ठी



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग डॉ ज्वाला प्रसाद मिश्र शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, मुंगेली में 'छत्तीसगढ़ 2050 एवं विकसित छत्तीसगढ़ 2047' विषय पर जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय महाविद्यालय पाली के सहायक प्राध्यापक हर्ष पांडे उपस्थित रहे। उन्होंने छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शोभित बाजपेई ने कहा कि, राज्य को विकसित बनाने में उच्च शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा एवं विकसित छत्तीसगढ़ के भविष्य पर अपने विचार साझा किए।

## धरदेई में गौ सेवा और सामाजिक सुधार की पहल

**पथरिया।** विकासखंड पथरिया के ग्राम धरदेई ने समाज हित में दो महत्वपूर्ण कदम उठाकर मिसाल कायम की है। गांव के सरंपच सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने ग्रामवासियों के सहयोग से गौ सेवा संकल्प अभियान के तहत 150 निराश्रित एवं घुमंतु पशुओं को गोद लेकर आश्रय प्रदान किया है।

■ जनप्रतिनिधियों व ग्रमीणों ने लिया 150 घुमंतु पशुओं को गोद

यह पहल न केवल पशु संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण है, बल्कि इससे ग्रामवासियों की करुणा और सामाजिक जिम्मेदारी का भी परिचय मिलता है। साथ ही ग्राम पंचायत ने सामाजिक सुधार की दिशा में भी सराहनीय पहल करते हुए गांव के शराब बिचौलियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया दिया है। साथ ही यह भी प्रावधान किया गया कि, यदि कोई व्यक्ति गली, मोहल्ले या तालाब किनारे जैसे सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते पाया जाता है, तो उस पर 1 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया जाएगा। ग्राम सरपंच त्रिवेणी सनत बरगाह ने कहा कि, यदि आसपास के अन्य गांव भी निराश्रित पशुओं को गोद लेकर उनकी सेवा करेंगे, तो इससे किसानों को उत्तम नस्ल के पशु उपलब्ध होंगे। सात ही इससे दुग्ध उत्पादन में वृद्धि होगी, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएगा। वहीं नशामुक्त वातावरण से गांव की सामाजिक और सांस्कृतिक स्थिति भी और मजबूत होगी।



### विखं शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर दी जानकारी

# गौ विज्ञान परीक्षा 4 नवम्बर को, पंजीयन शुरु

**पथरिया।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति की ओर से पूरे प्रदेश में गौ विज्ञान परीक्षा आयोजित की जाएगी, जो विद्यालय स्तर से प्रारंभ होकर राज्य स्तर तक होगी। इसको लेकर मुंगेली जिला स्तरीय समिति ने पथरिया विखं के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के संस्था प्रमुखों और विखं शिक्षा अधिकारी डॉक्टर प्रतिभा मंडलोई से भेंट कर गौ विज्ञान परीक्षा के विषय में जानकारी दी।

यह परीक्षा तीन ग्रुप में होगी, जिसमें पहले ग्रुप में कक्षा 6वीं से 8वीं के विद्यार्थी, दूसरे ग्रुप में कक्षा 9वीं से 12वीं एवं तीसरे ग्रुप में महाविद्यालय स्तर के छात्र-छात्राएं हिस्सा ले सकेंगे। विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वीतीय व तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र के साथ आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा, वहीं जिला स्तर व राज्य स्तर में प्रथम व दूसरे, तीसरे स्थान में आने वाले छात्राओं को नकद राशि व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति के सदस्यों ने बताया कि, यह केवल एक परीक्षा नही है, यह पशुओं और गौवंशों के विषय मे हमारी आने वाली पीढ़ियों को जागरूक करने की पहल है। साथ ही यह छत्तीसगढ़ राज्य के विद्यार्थियों के लिए अच्छा अवसर भी है। उन्होंने बताया कि, इस परीक्षा में वही विद्यार्थी हिस्सा लेंगे जो पहले से पंजीयन कराएंगे।पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर है। समिति ने पथरिया में अवन्तिबाई लोधी शासकीय महाविद्यालय, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, कन्या शाला, सरस्वती शिशु मंदिर, आईटीआई, पूमा बालक शाला पथरिया के संस्था प्रमुखों को परीक्षा के विषय मे जानकारी प्रदान की। साथ ही ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से भेंट कर जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर गौ विज्ञान परीक्षा जिला परीक्षा संयोजक गौकरण डिंडोले, जिला परीक्षा प्रभारी रामेश्वर प्रसाद, अजय यादव, पथरिया परीक्षा प्रभारी उत्तम सिंह सोलंकी, संजीव आनंद, मोहित खांडे, उपस्थित रहे।



विकासखंड शिक्षा अधिकारी से भेंट करते समिति के सदस्य।

## मंदानी बने चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष




**तखतपुर।** सिंधी समाज के अध्यक्ष राकेश मंदानी को बिलासपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। चेम्बर ऑफ कॉमर्स बिलासपुर की ओर से बिलासपुर के कोर्टयाड मेरियट में आयोजित समारोह में अतिथि के रूप में शामिल केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव विधायक, अमर अग्रवाल, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, मेयर पूजा विधानी की उपस्थिति में उन्हें यह सम्मान दिया गया। श्री मंदानी की यह नियुक्ति न केवल सिंधी समाज के लिए, बल्कि पूरे तखतपुर क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। इस अवसर पर करमचंद टेकवानी, किशन सचदेव, गिल्लू कुकरेजा, मुरली रमानी, टेकचंद कारड़ा, मुरली गागवानी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।